सज्जन जिन - वन्दन निधि

सम्पादन

आर्या शशिप्रभा श्री जी

प्रकाशक :
मत्री,
खरतरगच्छ श्री सघ
साचोर (जालौर-राजस्थान)

वर्ष : 1992

संस्करण प्रथम

मूल्य . सुष्ठुपयोग

मुद्रक मै डायमण्ड कम्प्यूटर्स, जयपुर द्वारा कम्पोज्ड तथा
मै टेक्नोक्रेट आफसेटर्स, जयपुर द्वारा मुद्रित।

संयोजन : गतिमान प्रकाशन, जयपुर-3

समर्पण

जिनका हर वचन जीवन-ज्योति को प्रज्वलित करने में समर्थ है।
जिनका पथ-प्रदर्शन मेरे लिए सदा वरदान स्वरूप है।
जिनका प्रत्येक उद्बोधन आत्म-जागृति के लिए प्रकाश-स्तम्भ रूप है।

ऐसी अध्यात्मयोगिनी, आगम-ज्योति प्रवर्तिनी परम श्रद्धेया स्व गुरुवर्या श्री सज्जन श्री जी म सा की पुनीत स्मृति को सादर समर्पित ।

चरणरेणु,

आर्या शशिप्रभा श्री

परमश्रद्धेया प्रवर्तिनी
श्री ज्ञान श्री जी म सा

पूज्या प्रवर्तिनी श्री
सज्जन श्री जी म सा

पूर्वस्वर

पूज्या प्रवर्तिनीश्री की सदैव प्रेरणा रही थी कि बहिनो की सुविधा के लिये देववंदन विधि पुस्तक का प्रकाशन होना चाहिये लेकिन पूज्या महाराजश्री के सम्मुख पुस्तक मूर्तरूप नहीं ले पायी। अब यह प्रकाशन महाराज श्री की तृतीय पुण्य तिथि पर हो रहा है।

'सज्जन जिन-वंदन निधि' में आगम-ज्योतिश्री द्वारा रचित चैत्यवन्दन स्तवन आदि संकलित है। कुछेक अन्य कवियों द्वारा रचित रचनाएं भी है। चौबीस चैत्यवन्दन व नवपद चैत्यवन्दन आदि को इस संग्रह में विशेष रूप से लिया गया है, क्योंकि वह पूज्या आशु कवयित्री जी की अन्तिम एवं महत्त्वपूर्ण कृतियाँ हैं। ये कृतियां पूज्या महाराजश्री ने अपनी जीवन-संध्या में मौन एकादशी के दिन ही पूर्ण कर हमें सौंपी थीं तथा निर्देश दिया था कि इसे व्यवस्थित उतार दो।

आपश्री बचपन से लेकर जीवनपर्यन्त अध्ययन-अध्यापन लेखन-सृजन में अनवरत संलग्न रहीं, इसलिए पूज्याश्री की चहुँमुखी प्रतिभा दिनानुदिन समृद्ध बनती गयी व उनकी रचनाओं में आधिकाधिक निखार आता गया।

पूज्या गुरुवर्या श्री की प्रेरणा को साकार रूप देने का जो विनम्र प्रयास किया गया है हमें विश्वास है कि इस अमूल्य निधि की प्रेरणात्मक रचनाओं को अपनी आराधना के स्वरों में मिलाकर भक्तजन आत्म-विभोर हो परमात्म-स्वरूप पाने के उपक्रम को सफल कर पायेंगे।

इसी शुभेच्छा के साथ ओ३म् शान्ति।

शासन सेविका,

आर्या शशिप्रभा श्री

प्रस्तुति

'सज्जन जिन-वन्दन निधि' में ज्ञानोपयोगी अद्भुत सामग्री का सग्रह किया गया है, जिसकी आवश्यकता प्रत्येक तपोनुष्ठान में होती है तथा विगत तीन-चार वर्षो से जिसकी कमी महसूस की जा रही थी। क्योकि, प्रत्येक तप में देववन्दन करना जरूरी होती है। किसी मे एक बार और किसी में तीन बार। साधु-साध्वीजी की निश्रा में जो तप किया जाता है उसमे तो वे स्वय आवश्यकतानुसार सारी क्रियाये करा देते है, पर उनकी अनुपस्थिति मे देववन्दन आदि क्रियायें कौन करावे, यह प्रश्न सदा सामने रहता था। इसी का समाधान करने हेतु प्रस्तुत पुस्तक की आवश्यकता समझी गयी और आगमज्योति स्व प्रवर्तिनी श्री सज्जनश्री जी म. सा. के निर्देशानुसार उन्ही की प्रमुख शिष्या मधुर व्याख्यात्री विदुषी आर्या श्री शशिप्रभाश्री जी म सा ने इसका सुष्ठुपकारेण सम्पादन कर एक बहुत बडी कमी को दूर करने का सफल प्रयास किया है।

'पुण्य स्वर्ण ज्ञानपीठ' के सभी सेवक स्व. प्रवर्तिनी श्री जी एव श्री शशिप्रभाश्री जी म सा. के प्रत्यक्ष आभारी है।

आराधकों से आत्मभावेन हार्दिक अनुरोध है कि वे प्रस्तुत पुस्तक का पूर्ण रूप से सदुपयोग कर तपोनुष्ठान के द्वारा आत्मविकास का मार्ग प्रशस्त करे।

इन्हीं शुभकामनाओ के साथ हार्दिक अनुमोदनार्थ प्रकाशन,

पुण्य स्वर्ण ज्ञानपीठ,
जयपुर

निवेदन

पुष्प की सौरभ प्रत्येक प्राणी के मन को आकर्षित करती है। शरद पूर्णिमा की शीतल चाँदनी सभी के दिल को लुभा लेती है। अगरबत्ती की मधुर सुगन्ध वातावरण को सुवासित बना देती है वैसे ही अध्यात्मयोगिनी आगमज्योति स्व प्रवर्तिनी महोदया श्री सज्जनश्री म सा का जीवन जन-जन के मन को आनन्दित करता था। आज भी उनके गुणों की अनुपम सुवास प्राणियों के रोम-रोम को दिव्य सौरभ से भर रही है।

पूज्या श्री के अलौकिक गुण-सौरभ से सुरक्षित हो रही है उनकी प्रमुख शिष्या मधुर वक्ता विदुषीवर्या श्री शशिप्रभाश्री जी म सा जिनका जीवन त्याग-तप-संयम से ओतप्रोत है। जिनकी वाणी में ओज है। सहज सरलता व मृदुता है। उनके गुणों से अभिभूत साचोर संघ के १५-२० सदस्य चातुर्मास की विनती करने हेतु पूज्या शशिप्रभाश्री जी म सा की सेवा में पहुँचे। यद्यपि हमारी भावना २-३ वर्षों से थी पर भाग्योदय के बिना पुण्य अवसर का लाभ सम्प्राप्त नहीं हो पाया। हमें प्रसन्नता है कि अब की बार हमारी प्रतीक्षित भावना ने साकार रूप लिया। पूज्या श्री ने आग्रह भरी विनती को स्वीकार कर हमें चातुर्मास का स्वर्णिम अवसर दिया। विदुषीवर्या पूज्या श्री प्रियदर्शना श्रीजी एवं सहवर्तिनी पूज्याश्री शीलगुणा श्रीजी तथा पूज्या संयमप्रज्ञा श्रीजी को भेजकर चातुर्मास में चार चाँद लगाने का धन्य अवसर प्रदान किया। आपश्री के परम शुभाशीर्वाद से महाराज श्री का यह चातुर्मास हर सम्भव सफल रहा। चातुर्मास में विविधि प्रकार की तपस्यायें रविवारीय धार्मिक शिविर सामूहिक प्रवचन आदि अनेक सुन्दर व ऐतिहासिक कार्य सम्पन्न हुए, जो साचोर संघ की अविस्मरणीय ख्याति बन गये हैं।

महाराज श्री जी की सद्प्रेरणा से प्रस्तुत 'श्री सज्जन जिन-वन्दन निधि' पुस्तक प्रकाशित करने की भावना जागृत हुयी जिसमे पूज्या श्री ने एक अनुपम खजाने का, अर्थात् सविधि तप, देववन्दन विधि, चौबीस चैत्यवन्दन, स्तवन-स्तुति, प्राचीन स्तवन एव सज्झाय आदि का सग्रह कर श्रावक-श्राविकाओ पर असीम उपकार किया है। आराधक वृन्द प्रस्तुत पुस्तक का सदुपयोग कर आत्म-लाभ सम्प्राप्त करे, इन्हीं शुभेच्छाओ के साथ,

विनीत,

खरतरगच्छ श्री संघ

सांचौर

□□□

अनुक्रमणिका

□□□

श्री जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ सघ

साचौर (सत्यपुर)

(जालौर-राजस्थान)

ट्रस्टीगण की नामावली

सज्जन जिन-वन्दन निधि

श्री देववन्दन विधि

श्री बीसस्थानक चैत्यवदन

'इच्छामि खमासमणो वंदिउं जावणिज्जाए निसीहिआए मत्थएण वंदामि'

तीन वार इस प्रकार कहकर 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन् चैत्यवन्दन करूँ इच्छं --कहकर बायां घुटना ऊंचा करें और हाथ जोडकर चैत्यवदन करें

विंशतिपद आराधना करती आत्मोत्थान
सर्वोत्तम पद इस विश्व में, तीर्थंकर भगवान ॥१॥

इक-इक पद की साधना कर बनते भगवान
अनुपमपद अर्हन्त विभु अतिशयवन्त महान ॥२॥

सुख सम्पत्ति सम्प्राप्त हो दुःख दुर्गति का नाश
'सज्जन' पाते भव्यजन अनुपम ज्ञान प्रकाश ॥३॥

जं किंचि नाम तित्थं सग्गे पायालि माणुसे लोए जाइ जिणबिंबाई-ताई सव्वाइं वंदामि ॥१॥

णमुत्थुणं

णमुत्थुणं अरिहंताणं भगवंताणं ॥१॥ आइगराणं तित्थयराणं सयंसंबुद्धाणं ॥२॥ पुरिसुत्तमाणं पुरिससीहाणं पुरिसवरपुंडरियाणं, पुरिसवरगंधहत्थीणं ॥३॥ लोगुत्तमाणं लोगनाहाणं लोगहियाणं लोगपईवाणं लोगपज्जोअगराणं ॥४॥ अभयदयाणं चक्खुदयाणं मग्गदयाणं सरणदयाणं बोहिदयाणं ॥५॥ धम्मदयाणं धम्मदेसियाणं धम्मनायगाणं धम्मसारहीणं धम्मवर चाउरंत चक्कवट्टीणं ॥६॥ अप्पडिहयवर नाण - दंसण-धराणं विअट्टच्छउमाणं ॥७॥ जिणाणं जावयाणं तिन्नाणं तारयाणं, बुद्धाणं-बोहयाणं मुत्ताणं

सुख निधे भगवान हरिपूज्य हे, सुखद शक्ति कृपा कर दीजिए।
करम शत्रु हराकर मै करूँ, तव पादाम्बुज पावन सेवना ॥३॥

ज किंचि नाम तित्थ सग्गे पायालि माणुसे लोए। जाइ जिण विवाइ, ताइ सव्वाइ वदामि ॥१॥

णमुत्थुणं

णमुत्थुण अरिहत्ताण, भगवताण ॥१॥ आइगराण, तित्थयराण, सयसवुद्धाण ॥२॥ पुरिसुत्तमाण, पुरिससीहाण, पुरिसवर पुडरिआण, पुरिसवर गधहत्थीण ॥३॥ लोगुत्तमाण, लोगनाहाणं, लोगहियाण, लोगपईवाण, लोगपज्जोअगराण ॥४॥ अभयदयाण, चक्खुदयाणं, मग्गदयाण, सरणदयाण, वोहिदयाण ॥५॥ धम्मदयाण, धम्मदेसयाण, धम्मनायगाण, धम्मसारहीण, धम्मवर-चाउरत-चक्कवट्टीण ॥६॥ अपडिहयवर-नाण दसण धराण विअट्ठछउमाण ॥७॥ जिणाण-जावयाण, तिन्नाण-तारयाण, वुद्धाण-वोहयाण, मुत्ताणं-मोअगाण, ॥८॥ सव्वन्नूण सव्वदरिसीण, सिवमयल-मरुअ-मणत, मक्खय-मव्वावाह, मपुणराविति, सिद्धिगइ नामधेय ठाण सपत्ताण नमो जिणाण जिअभयाण, ॥९॥ जे अ अईआ सिद्धा, जे अ भविस्सति णागए काले। सपई अ वट्टमाणा, सव्वे तिविहेण वदामि ॥१०॥

अव खडे होकर ' अरिहंत चेइयाण ' वोलें

अरिहत चेइयाणं करेमि काउस्सग्ग ॥१॥ वदण वत्तिआए, पूअण वत्तिआए सक्कार वत्तिआए, सम्माण वत्तिआए वोहिलाभ वत्तिआए निरुवसग्ग वत्तिआए ॥२॥ सद्धाए, मेहाए, धीईए, धारणाए, अणुप्पेहाए, वड्ढमाणीए ठामि काउस्सग्ग ॥३॥ अन्नत्थ उससिएण, निससीएण, खासिएण, छीएण, जभाइएण, उड्डुएण, वाय निसग्गेण भमलिए पित्तमुच्छाए ॥१॥ सुहुमेहि अगसचालेहि, सुहुमेहि खेलसचालेहि, सुहुमेहि दिट्ठिसचालेहि, ॥२॥ एवमाइएहिं, आगारेहिं,

अभग्गो अविराहिओ हुज्ज मे काउस्सग्गो ॥३॥ जाव अरिहंताणं भगवंताणं नमुक्कारेणं न पारेमि ॥४॥ ताव कायं ठाणेणं मोणेणं झाणेणं अप्पाण वोसिरामि ॥५॥

एक नवकार का कायोत्सर्ग करें।
पश्चात् निम्न स्तुति कहे।

बीसस्थानक स्तुति

बीस स्थानक में गुणि गुण भेदा भेद
ध्याता जो ध्यावे निर्भय भाव अखेद।
तीर्थंकर पदवी पावे पुण्य प्रधान
वंदूं विधियोगे त्रिकरण शुद्धि विधान ॥१॥

कायोत्सर्ग पारकर प्रकट लोगस्स कहे

लोगस्स

लोगस्स उज्जोअगरे, धम्मतित्थयरे जिणे। अरिहंते कित्तइस्सं, चउविसंपि केवली ॥१॥ उसभमजिअं च वंदे संभवमभिणंदणं च सुमइंच पउमप्पहं सुपासं जिणं च चंदप्पहं वन्दे ॥२॥ सुविहिं च पुप्फदंतं सीअल सिज्जंस वासुपूज्जं च विमलमणंतं च जिणं धम्मं संतिं च वंदामि ॥३॥ कुंथुं अरं च मल्लिं वंदे मुणिसुव्वयं नमि जिणं च वंदामि रिट्ठनेमिं पासं तह वद्धमाणं च॥४॥ एवं मए अभियुआ विहुयरयमला पहीण जरमरणा चउविसंपि जिणवरा तित्थयरा मे पसीयंतु ॥५॥ कित्तिय वंदिय महिया, जे अ लोगस्स उत्तमा सिद्धा आरग्ग बोहिलाभं समाहिवर मुत्तमं दितु ॥६॥ चंदेसु निम्मलयरा आईच्चेसु अहियं पयासयरा सागरवर गंभीरा सिद्धा सिद्धिं मम दिसंतु ॥७॥

सव्वलोए अरिहंत चेइयाणं करेमि काउस्सग्गं ॥१॥ वंदण वत्ति आए, पूअण वत्तिआए, सक्कार वत्तिआए, सम्माण वत्तिआए,

॥२॥ एवमाइएहिं, आगारेहिं, अभग्गो, अविराहिओ, हुज्ज मे काउसग्गो ॥३॥ जाव अरिहंताणं, भगवंताणं, नमुक्कारेणं, न पारेमि ॥४॥ ताव कायं, ठाणेणं, मोणेणं, झाणेणं, अप्पाणं वोसिरामि ॥५॥

एक नवकार का काउस्सग्ग करे। काउस्सग्ग पारकर 'णमो अरिहंताणं' कहकर चौथी स्तुति कहे ·

हरिपूजित श्री जिन, शासन वासित भाव,
भवि वीसस्थानक, साधन पुण्य प्रभाव।
सुर असुर उन्हीं के, होय सहायक आप,
फैले त्रिभुवन मे, साधक पुण्य प्रताप ॥४॥

अब नीचे बैठकर बाया गोडा ऊचा करके 'णमुत्थुणं' कहें ·—

णमुत्थुणं

णमुत्थुणं, अरिहंताणं, भगवंताणं ॥१॥ आइगराणं, तित्थयराणं, सयसंबुद्धाणं ॥२॥ पुरिसुत्तमाणं, पुरिससीहाणं, पुरिसवर-पुंडरिआणं, पुरिसवर-गंधहत्थीणं ॥३॥ लोगुत्तमाणं, लोगनाहाणं, लोग हिआणं, लोगपईवाणं, लोगपज्जोअगराणं ॥४॥ अभयदयाणं, चक्खुदयाणं, मग्गदयाणं, सरणदयाणं, बोहिदयाणं ॥५॥ धम्मदयाणं, धम्मदेसियाणं, धम्मनायगाणं, धम्मसारहीणं, धम्मवर-चाउरंत चक्कवट्टीणं ॥६॥ अप्पडिहयवर-नाणं दंसणं धराणं, विअट्टच्छउमाणं ॥७॥ जिणाणं-जावयाणं, तिन्नाणं तारयाणं, बुद्धाणं-बोहयाणं, मुत्ताणं मोअगाणं ॥८॥ सव्वनूणं, सव्वदरिसीणं, सिव्वमयल-मरुअ-मणंत-मक्खय- मव्वाबाह-मपुणराविति सिद्धिगई नामधेयं ठाणं संपत्ताणं नमो जिणाणं, जिअभयाणं ॥९॥ जे अ अईआ सिद्धा, जे अ भविस्संति णागए काले। संपइ अ वट्टमाणा, सव्वे तिविहेण वंदामि ॥१०॥

अब खडे होकर 'अरिहंत चेईयाणं' बोलें

अरिहंत चेइयाणं करेमि काउस्सग्गं ॥१॥ वंदण वत्तिआए पूअण वत्तिआए, सक्कार वत्तिआए, सम्माण वत्तिआए, बोहिलाभ वत्तिआए निरुवसग्ग वत्तिआए ॥२॥ सद्धाए, मेहाए, धीईए, धारणाए, अणुप्पेहाए, वड्ढमाणीए-ठामि काउस्सग्गं ॥३॥

अन्नत्थ उससिएणं नीससिएणं, खासिएणं छीएणं जभाइएणं उड्डुएणं, वायनिसग्गेणं भमलिए पित्तमुच्छाए ॥१॥ सुहुमेहिं अंगसंचालेहिं सुहुमेहिं खेलसंचालेहिं, सुहुमेहि दिट्ठिसचालेहिं ॥२॥ एवमाइएहिं आगारेहिं अभग्गो अविराहिओ हुज्ज मे काउस्सग्गो ॥३॥ जाव अरिहंताणं, भगवंताणं नमुक्कारेणं न पारेमि ॥४॥ ताव कायं ठाणेणं मोणेणं झाणेणं अप्पाणं वोसिरामि ॥५॥

एक नवकार का काउस्सग्ग करें। काउस्सग्ग पारकर 'णमो अरिहंताणं' कहकर 'नमोर्हतसिद्धाचार्योपाध्याय सर्व साधुभ्य' कहे फिर प्रथम स्तुति बोलें

निरमल आतम भाव प्रकाशक कारक क्षायक भावी जी
जिनपद वर्धक कर्म निकन्दक बीस स्थानक पद सेवी जी
जिनवर सहुजे स्थानक सेवे, एक अनेक भव तीजे जी
आराधक ते साधन-भावे मन वांछित सब सीझे जी ॥१॥

लोगस्स उज्जोअगर धम्मतित्थयरे जिणे। अरिहंते कित्तइस्सं चउविसंपि केवली ॥१॥ उसभमजिअं च वंदे संभवमभिणंदणं च सुमइं च। पउमप्पहं सुपासं जिणं च चंदप्पहं वन्दे ॥२॥ सुविहिं च पुप्फदंतं सीअल सिज्जंस वासुपूज्जं च। विमल मणतं च जिणं धम्मं संतिं च वंदामि ॥३॥ कुंथुं अरं च मल्लिं वंदे मुणिसुव्वयं नमि जिणं च वंदामि रिट्ठनेमिं पासं तह वद्धमाणं च ॥४॥ एवं मए अभिथुआ विहुयरयमला पहीण जरमरणा। चउविसंपि जिणवरा तित्थयरा मे पसीयंतु ॥५॥ कित्तिय वंदिय महिया जे अ लोगस्स उत्तमा सिद्धा आरुग्ग बोहिलाभं समाहिवर मुत्तमं दिंतु ॥६॥ चंदेसु निम्मलयरा आइच्चेसु अहियं पयासयरा। सागर वर गंभीरा सिद्धा सिद्धिं मम दिसंतु ॥७॥

॥३॥ जाव अरिहताण, भगवताण, नमुक्कारेण न पारेमि ॥४॥ ताव काय, ठाणेणं, मोणेण, झाणेणं, अप्पाण वोसिरामि ॥५॥

एक नवकार का काउस्सग्ग करे। काउस्सग्ग पारकर 'णमोअरिहताण' कहकर चौथी स्तुति कहे .

शासन रक्षक समकित धारी, जे सहु सुर सुखकन्दा जी,
सानिधकर जो ए तप करता, वधते भाव अमन्दा जी,
श्री जिनलाभ सूरीश्वर शाखा, श्री कुशलेन्द्र गणिन्दा जी,
तस पद सेवक मगलपति गणि, जपे श्री वालचदा जी ॥४॥

अब नीचे बैठकर बाया गोडा ऊँचा करके 'णमुत्थुण' वोलें. .. .

णमुत्थुण, अरिहताणं, भगवताणं ॥१॥ आइगराण, तित्थयराण, सयसवुद्धाण ॥२॥ पुरिसुत्तमाण, पुरिससीहाण, पुरिसवरपुडरिआण, पुरिसवर गधहत्थीण ॥३॥ लोगुत्तमाण, लोगनाहाण, लोगहियाण, लोगपईवाण, लोगपज्जोअगराण ॥४॥ अभयदयाण, चक्खुदयाण, मग्गदयाण, सरणदयाण, वोहिदयाण ॥५॥ धम्मदयाण, धम्मदेसयाण, धम्मनायगाण, धम्मसारहीण, धम्मवर-चाउरत-चक्कवट्टीण ॥६॥ अपडिहयवर-नाण दसण धराण विअट्टछउमाण ॥७॥ जिणाण-जावयाण, तिन्नाण-तारयाण, बुद्धाण-वोहयाण, मुत्ताण-मोअगाण, ॥८॥ सव्वन्नूण सव्वदरिसीण, सिवमयल मरुअ मणत, मक्खय मव्वावाह, मपुणराविति, सिद्धिगइ नामधेय ठाण सपत्ताण नमो जिणाण जिअभयाण, ॥९॥ जे अ अईआ सिद्धा, जे अ भविस्सति णागए काले। सपई अ वट्टमाणा, सव्वे तिविहेण वदामि ॥१०॥

जावति चेइयाइ उड्ढे अ अहे अ तिरिअ लोए अ। सव्वाई ताइ वदे, इह सतो तत्थ सताई ॥१॥

'इच्छामि खमासमणो वंदिउ जावणिज्जाए निसिहिआए मत्थएण वदामि' कहकर 'खमासमणा' लगाए, पश्चात् -

जावत केवि साहू भरहेरवय महाविदेहे अ
सव्वेसि तेसि पणओ, तिविहेण तिदड विरयाण ॥२॥

'नमोअर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय सर्वसाधुभ्य' इतना कहकर स्तवन बोलें

श्री बीसस्थानक स्तवन

(तर्ज - केसरिया थासू प्रीत करी रे)

तीर्थंकर वंदो तारे दुःख वारे तिहुं काल में ॥टेक॥

अनुपम आतम दर्शन योगे परमातम पद ध्याने
जल में कमल रहे ज्यों जीवन साधक पद सनमाने रे
तीर्थंकर वंदो ॥१॥

महा मोहमति मूढ जगत जन हो जिन शासन रागी
आधि-व्याधि-उपाधि मुक्त हो भाव सुखी वड भागी रे
तीर्थंकर वदो ॥२॥

तीन भुवन उपकार भाव कल्याण मित्र जयकारी
पुण्य महोदय गुणी महाशय अविकारी अवतारी रे
तीर्थंकर वंदो ॥३॥

बीस स्थानक महा साधना साधक निज भव तीजे
उत्तरोत्तर सुकृत सुख भोगी प्रभुत्ता गुण रस भींजे रे
तीर्थंकर वंदो ॥४॥

संघ चतुर्विध तीर्थ थापते अद्भुत अतिशयधारी
तीर्थंकर वर नाम कर्म को सफल करे बलिहारी रे
तीर्थंकर वंदो ॥५॥

जनम-मरण जीवन कल्याणी जग कल्याण विधाता
तीर्थंकर जिन दर्शन पाऊं धन दिन पुण्य प्रभाता रे
तीर्थंकर वंदो ॥६॥

प्रभु दर्शन परमारथ पूरण जो कर पावे प्राणी
ज्योतिर्मय जग में वह पावन खोले निज गुण खाणी रे
तीर्थंकर वंदो ॥७॥

श्री चतुर्विंशति जिन चैत्यवंदन

श्री ऋषभ जिन चैत्यवंदन

नाभि नृप कुल नभ रवि, मरुदेवी के नन्द
श्री ऋषभेश्वर जिनपति, पूजत परमानन्द ॥१॥

स्वर्ण वर्ण जिनराज का, धनुशत पच देहमान
आयु लक्ष चौरसी पूर्व, अष्टापद शिवस्थान ॥२॥

सुखसिन्धु भगवान ये, त्रैलोक्य के आधार
पुण्य से पाये ज्ञानपद, 'सज्जन' करे नमस्कार ॥३॥

श्री अजित जिन चैत्यवंदन

विजया जितशत्रु तनय, तीर्थंकर गुणवान
अजित अजित पद दे मुझे, कर करुणा भगवान ॥१॥

करे पराजित नही कदा, मुझे मोह अज्ञान
ऐसी शक्ति दीजिये, धरू धर्म-शुक्ल ध्यान ॥२॥

पुण्यानुबन्धी पुण्य से, पाया दर्शन आज
ज्ञानज्योति 'सज्जन' हृदय, जागृत रहे जिनराज ॥३॥

श्री संभव जिन चैत्यवंदन

सभव जिन प्रणमू सदा, मन-वच-तन एकतान
करके भक्तिभाव से, धरू सदा तुम ध्यान ॥१॥

सभव जिन सभव करे, असभव सारे काम
सभव मेरी मुक्ति हो, नित प्रति करू प्रणाम ॥२॥

अनन्तकाल से कर्मवश, चतुर्गति मे नाथ
भ्रमण किया अब मेट दो, 'सज्जन' जोडे हाथ ॥३॥

श्री अभिनन्दन जिन चैत्यवदन

अभिनन्दन जिनराज का, अभिनन्दन कर आज
धन जीवन धन तन वदन धन्य सफल सब काज ॥१॥

पूर्व पुण्य प्रभाव से, मिला अपूर्व संयोग
रत्नत्रय आराधना कर पाऊं शुभ योग ॥२॥

प्रभु स्मरण संजीवनी, मेटे भवभव रोग
ज्ञानालोक में स्वरूप का 'सज्जन' करें उपभोग ॥३॥

श्री सुमति जिन चैत्यवदन

सुमति जिन! सुमति सदा करे कुमति का नाश
सन्मति आविर्भाव हो होवे आत्म विकास ॥१॥

कुमति नहीं आवे कदा यही मागूं कर जोड
सुमति संग से सबल बन कर्म बेडी दूं तोड ॥२॥

परम श्रेय साधन करूं पुण्य स्वर्ण संयोग
ज्ञान विचक्षण क्षण मिला 'सज्जन' साधूं योग ॥३॥

श्री पद्मप्रभ जिन चैत्यवदन

पद्मप्रभ जिनराज का पद्म समान सुवर्ण
अनन्त गुणो की सुगन्ध से भरा हुआ सम्पूर्ण ॥१॥

समीपस्थ प्राणी सदा बन जाते गुणवान।
दूरस्थ भी नाम से जिन सम बने महान् ॥२॥

ऐसा श्री जिनराज का अद्भुत अमित प्रभाव।
धन्य-धन्य 'सज्जन' वही विकसित करे स्वभाव ॥३॥

श्री सुपार्श्व जिन चैत्यवंदन

जयपुर नगर विराजते, श्री सुपार्श्व जिनराज
धन जीवन धन दिवस यह, वने नेत्र धन आज ॥१॥

मनमोहन प्रतिविम्व का, दर्शन कर सुखकार
भवभव संचित दुरित सव, नष्ट हुये इस वार ॥२॥

पुण्योदय हुआ पूर्वकृत, जिन स्वरूप का भान
करके 'सज्जन' मन सदन, हुआ प्रकाशित ज्ञान ॥३॥

श्री चन्द्रप्रभ जिन चैत्यवंदन

अम्वर शहर विराजते, श्री चन्द्रप्रभ देव
चन्द्रद्युतिमय विम्व है, सुरनर करते सेव ॥१॥

मुख मुद्रा मन मोहनी, अर्द्ध चन्द्रसम भाल
पद्मासन ध्यानस्थ प्रभु, प्रतिभा अति ही विशाल ॥२॥

जन्मकृतार्थ हुआ आज मम, दर्शन से आनन्द
कोटि कोटि वन्दन करू, 'सज्जन' मिटे भव फन्द ॥३॥

श्री सुविधि जिन चैत्यवंदन

श्री तीर्थंकर देव है, सुविधिनाथ भगवान
पुष्पदन्त भी आपका, श्रेष्ठ अपर अभिधान ॥१॥

शुभ्र श्वेत सुन्दर छवि, जैसा उज्ज्वल दुग्ध
निर्दूषण भूषण त्रिजग, देख चक्षु हुये मुग्ध ॥२॥

सुविधि से ही प्राप्त हो, आत्मनिधि तत्काल
सुविधि सह करे साधना, 'सज्जन' कटे भवजाल ॥३॥

श्री शीतल जिन चैत्यवन्दन

शीतल जिनवर पूजना, हरे पाप सन्ताप
भौतिक दैविक आत्मिक मिटे शीघ्र विषय सन्ताप ॥१॥

अद्‌भुत शीतलता मिले शाश्वत सिद्धि स्थान
ध्याता को सम्प्राप्त हो अनुपम दर्शन ज्ञान ॥२॥

जिसका पुण्य अनन्त हो मिले स्वर्णमय योग
ज्ञान ज्योति मन में जगे 'सज्जन' मिट भव रोग ॥३॥

श्री श्रेयास जिन चैत्यवन्दन

श्रेयस्कर श्रेयाँस के पद कज करूं प्रणाम
प्रातःकाल यह पुण्यमय अवसर है अभिराम ॥१॥

श्रेय जो चाहों आत्म का छोडो विषय कषाय
संयम तप और त्याग ही निश्चय से सग्राह्य ॥२॥

श्री श्रेयांस जिनेश का यह ही है उपदेश
पुण्य स्वर्णमय ज्ञान ही 'सज्जन' चाहे हमेश ॥३॥

श्री वासुपूज्य जिन चैत्यवदन

वसुपूज्य नृपनन्द है वासुपूज्य भगवान
राग रहित पर रक्त तन तीर्थंकर पुण्यवान ॥१॥

विषय कषाय विरक्त हो जो प्रभुपद अनुरक्त
तनमन धन अर्पण करे वह निश्चय से भक्त ॥२॥

हुण्डावसर्पिणी काल यह पंचम आरा आज
शक्ति हीन निष्पुण्य हैं 'सज्जन' सुधारो काज ॥३॥

श्री विमल जिन चैत्यवंदन

विमलनाथ हे विगतमल, निर्मल आत्म स्वरूप
सत् चित् आनन्दमय सदा, अनुपम अद्भुत रूप ॥१॥

आतम द्रव्य पर्याय सब, , स्वगुण रूप का भोग
अविरल रूप से कर रहे, स्व का ही उपभोग ॥२॥

प्रभु सेवा से प्रकट हो, मेरा आत्म स्वभाव
स्वरूप मे ही रमण हो, 'सज्जन" मिटे विभाव ॥३॥

श्री अनन्त जिन चैत्यवंदन

श्री अनन्त भगवान है, अनन्त गुण भण्डार
अनन्त चतुष्क विराजते, शोभा अपरम्पार ॥१॥

अनन्त ज्ञान दर्शन सहित स्वरूप रमणतानन्त
अनन्त वीर्य प्रकट हुआ, घाति कर्म किये अन्त ॥२॥

अर्हत् तीर्थंकर प्रभु, स्वयम्बुद्ध भगवान
'सज्जन' जन उपदेश से, करे स्वरूप का भान ॥३॥

श्री धर्म जिन चैत्यवंदन

समवसरण मे धर्मनाथ, रत्नसिहासनासीन
चामर-छत्र विराजते, सुरनर भक्ति मे लीन ॥१॥

योजन विस्तृत वचन सुधा, भव्य जीव कर पान
अजर अमर बन प्राप्त कर, अनन्त सुखो की खान ॥२॥

सद्दर्शन सज्ज्ञान ही, सदाचरण ही धर्म
धर्मनाथ प्रभाव से, 'सज्जन' मिले शिवशर्म ॥३॥

श्री शांति जिन चैत्यवंदन

शान्तिनाथ शान्ति करो हरो सभी सन्ताप
चरण शरण दो अनाथ हूँ आप ही है माँ-बाप ॥१॥

गर्भवास रहे नगर की महामारी की नाश
मेटो मेरे जन्म-मरण काटो कर्म के पाश ॥२॥

शरणागत हूँ नाथ तुम, शरणागत प्रतिपाल
दो 'सज्जन' को शान्तिसुख अपना विरुद संभाल ॥३॥

श्री कुन्थु जिन चैत्यवंदन

कुन्थुनाथ भगवान है तारक जग विख्यात
पांचों अंग नमाय के करू सदा प्रणिपात ॥१॥

अमृतमयी प्रभु देशना सुनें सुरनर तिर्यंच
समता मैत्री भाव धर, छोड़े वैर प्रपंच ॥२॥

अहिंसा की पूर्णता हो रही यहाँ प्रत्यक्ष
'सज्जन' कहे नही अन्य देव प्रभुवर के समकक्ष ॥३॥

श्री अर जिन चैत्यवंदन

अर जिन वन्दूं विनय से अट्ठारहवें अरिहन्त
स्वर्ण वर्ण तनद्युति लसित चौतीश अतिशयवन्त ॥१॥

प्रभु जहाँ विचरें सुर करें कनक कमल नव वृन्द
भ्रमण करत पगतल रहे, नमें तरुवर सुरइन्द ॥२॥

द्वादश योजन अवनि पर न ईति भीति दुष्काल
अद्‌भुत अर्हत् प्रभाव है 'सज्जन' नमत त्रिकाल ॥३॥

श्री मल्लि जिन चैत्यवंदन

कुम्भ नृपति कुल कमलिनी, विकसन रति समान
प्रभावती कुक्षी सरसि, राजहसी सम जान ॥१॥

परिणय हेतु आये नृप, षट् को दे प्रतिबोध
सब ही अनुगामी बने, आत्मभूमि कर शोध ॥२॥

सर्वत्याग के मार्ग पर, जिस दिन किया प्रयाण
घाति चतुष्क क्षय कर लिया, 'सज्जन' केवलनाण ॥३॥

श्री मुनिसुव्रत जिन चैत्यवंदन

श्री मुनिसुव्रत धरे, करे कर्म-घन नाश
सर्वदर्शी सर्वज्ञ बन, करे सत्-तत्व प्रकाश ॥१॥

नवतत्वों के स्वरूप का, वर्णन करे जिनेश
सूत्र रूप से गूथते, लब्धि श्री गणेश ॥२॥

द्वादशागी मे प्रमाणनय, षड्द्रव्य गुण-पर्याय
'सज्जन' प्रणमत मनन से, भेदज्ञान हो जाय ॥३॥

श्री नमि जिन चैत्यवंदन

तीर्थपति श्री नमि प्रभु, चतुर्मुख दे उपदेश
चार भेद करे धर्म के, धर्म दायक धर्मेश ॥१॥

दान शील तप भावना, करते करते जीव
क्रमश करता विकास है, ये है उन्नति नींव ॥२॥

सम्यग्दर्शन प्राप्त कर, पाता सम्यक्ज्ञान
करके सम्यग् आचरण, 'सज्जन' ले शिवस्थान ॥३॥

श्री अरिष्टनेमि जिन चैत्यवदन

बाल ब्रह्मचारी प्रभु अरिष्टनेमि जिनराज
सती राजीमती साथ मे परिणय करने काज ॥१॥

तोरण तक आ फिर चले सुन पशु करुण आक्रन्द
शिव रमणी का वरण कर बने सच्चिदानन्द ॥२॥

कोटिकोटि वन्दन करूं श्रेष्ठ वर्ण घनश्याम
दर्शन से शीतल नयन 'सज्जन' मन अभिराम ॥३॥

श्री पार्श्व जिन चैत्यवदन

श्री चिन्तामणि पार्श्व जिन, चिन्तामणि से श्रेष्ठ
चिन्ता चूर्ण कर भक्त को दे सुख सर्व सुज्येष्ठ ॥१॥

श्री सम्मेत शिखर गिरि पार्श्वनाथ के योग
प्रसिद्ध हुआ श्री पार्श्व हिल नामांकित संयोग ॥२॥

कणकण बना पावन पुनीत स्पर्शन से सुखकार
'सज्जन' भव्य ही लाभ ले पावें पद अविकार ॥३॥

श्री वीर जिन चैत्यवदन

शासनपति श्री वीर जिन कायरता कर दूर
तनमन भर दो वीरता करूँ कर्म चकचूर ॥१॥

शुद्ध बुद्ध बन सिद्ध बनूं, यही है मात्र अभीष्ट
मिथ्यात्त्व कषायादि रिपु, मिटे अनादि अनिष्ट ॥२॥

कर्म अष्ट अति कष्टकर नष्ट करो भगवान
शक्ति की अभिव्यक्ति का 'सज्जन' को दो दान ॥३॥

श्री चौवीस जिन स्तुति

(श्री मज्जिनहरिसागर सूरीश्वर जी म.सा. विरचित)

श्री ऋषभ जिन स्तुति

वृषलछन कंचन, काया अद्‌भुत रूप
मरुदेवा नदन, जगवदन जग भूप।
नृप नाभि कुलाम्बर, अबरमणि अनुरूप,
नित वदू भावे, निज गुण दाव अनूप ॥१॥

कर्मो की काली, घटा अनादि काल,
आतम सूरज के, आडी अडी कराल।
कर ध्यान पवन से, विघटे प्रकटे ज्योति।
सिद्धातम वदू, जगे चेतना सोती ॥२॥

नैगम आदिक नय, निर्भय भाव विशेष,
प्रतिवादि भयकर, जिन आगम सदेश।
सुनकर आराधू, साधू आत्म प्रदेश,
स्वाधीन सुखो का, स्वामी बनू हमेश ॥३॥

जिन शासन पावन, सुखसागर भगवान,
'हरि' पूजित जग मे, करुणा गुण परधान।
आराधक जन की, आधि-व्याधि-उपाधि,
वारे चक्रेश्वरी, देवे परम समाधि ॥४॥

श्री अजित जिन स्तुति

सार्थक नामा श्री, अजितनाथ भगवान
विजया जितशत्रु, सुत गुणवान महान।
गजराज विराजे, चिन्ह चरण जयकार
अजरामर महिमा, मय वन्दू अविकार ॥१॥

है द्रव्य सरूपी चेतन एक अनत
कर्मों ने घेरा भव-वन में भटकंत।
ससारी सयम दिव्य साधना साध
सिद्धि गति पाये वदू अव्यावाध ॥२॥

त्रिभुवन उपकारी गुण अनत भडार
प्रवचन जिन शासन सागोपांग उदार।
प्रमाण प्रमाणित नि सर्ग श्रद्धामूल
गुरुगम आराधूं, शिवसाधन अनुकूल ॥३॥

सुखसागर भयहर अजित अजित भगवान
'हरि' पूजित पद्वी बोधिलाभ दे दान।
तसु शासन देवी अजितबला शुभ नाम
भक्तों को बल दें पूरे वांछित काम ॥४॥

श्री सभव जिन स्तुति

सुखसागर संभव जिननायक भगवान
प्रभु परम दयालु स्वयबुद्ध विज्ञान।
जितारिसेना नंदन नंदन सार
वन्दन कर भावे, करूं भवोदधि पार ॥१॥

घाती कर्मों का मर्म भेद प्रस्ताव
गुणठाण सयोगी, केवल ज्ञान प्रभाव।
अवलोकें लोका-लोक त्रिकालिक भाव
अरिहंत नमूं नित श्री अरिहत पददाव ॥२॥

शुभ समवसरण में प्रवचन पुण्य प्रबन्ध
प्रकटावें प्रभुवर तीर्थ कर्म संबंध।
पुण्यातम प्राणी निज पुण्योदय सार
तीरथ आराधें तिर जावें संसार ॥३॥

जिन शासनवासित अध्यातम अधिकारी
श्री संघ चतुर्विध पुण्य प्रभावक भारी।

उनके सहधर्मी, सुर 'गणपति हरि' आप
शिवमार्ग सहायक, हो हरते संताप ॥४॥

श्री अभिनन्दन जिन स्तुति

जिनवर अभिनदन, अभिनदन मै आज
करता हूं स्वामी, सुन लो गरीव-नवाज।
प्रभु पदपकज मे है मेरा अनुराग
दो मुझको प्रभुवर, सेवा सुखद पराग ॥१॥

क्षायिक वर मगल, भाव रमण गुणधारी
क्षायिक लब्धि से, सुखसागर अविकारी।
आतम परमातम, पदवी पाये धन्य
नित ध्याऊं उनको, तन्मय भाव अनन्य ॥२॥

अरिहत अरथ से, उपदेशे गणधारी
सूत्रो मे गूथे, श्रुतज्ञानी उपकारी।
क्षायोपशमिक वर, भावे प्रवचन सार।
आराधक पावे, शिवसुख अपरपार ॥३॥

जिन परम दयालु, स्वयबुद्ध भगवान,
शासन दिखलाया, धारे भवि गुणवान।
सुर 'गणनायक हरि' गावे महिमा नित्य,
दुःख दोहग मेटे, प्रकटावे सुख सत्य ॥४॥

श्री सुमति जिन स्तुति

सुमति दो सुमति, स्वामी सुमतिनाथ
सुमति शक्ति बिन, मै हू दीन अनाथ।
कुमति का घेरा, भटका काल अनाद
सुमति देकर अब, दूर करो अवसाद ॥१॥

है सुमति कारण सुखसागर भगवान,
सेवक जन पावें, सुमति ज्ञान महान।
वह ज्ञान अनुक्रम होत अनंतानंत
प्रस्तुत ज्योतिर्मय वंदूं श्री अरिहंत ॥२॥

सुमतिपूर्वक ही सम्यक् हो श्रुतज्ञान,
जहाँ रहें अनन्ते गम-पर्याय प्रधान।
उपदेश दयामय संयम-तपमय धर्म
सेवूं सुमति श्रुत, पाऊं मैं शिवशर्म ॥३॥

'श्री जिनहरि' पूजित आज्ञालम्बी जीव
मजबूत बनावें, निज जीवन गृह नींव।
सुर ललना ललिता उनके प्रति अनुराग
धारें जग फैले पावन सुमतिपराग ॥४॥

श्री पद्मप्रभ जिन स्तुति

निश्छद्म अशठ जो, धीर वीर गंभीर
श्री पद्मप्रभु को सेवें वे नरहीर।
छद्मस्थ पने से रहित होय तत्काल
उनसे छूट जावे, काल महा विकराल ॥१॥

कर्मों ने घेरे आतम द्रव्य प्रदेश
परतंत्र दशा में पाते रहे हमेश।
बल वीर्य पराक्रम दिखला कर स्वाधीन
जो सिद्ध हुए हैं, नमूं भक्ति में लीन ॥२॥

नवजीवन दाता रसमय रत्न प्रधान
गम भंग विराजित धीवर जन सुस्थान।
मर्यादा पूरण पावन रूप महान
आगम सुम सागर, सेवूं विविध विधान ॥३॥

भगवान दयालु 'जिन हरि' पूज्य विशेष
जन बोधिविधाता, शासन विगत कलेश।
आराधक चउविध, सघ महोदय सार
सम्यग् दृष्टि सुर, असुर करे जयकार ॥४॥

श्री सुपार्श्व जिन स्तुति

सप्तम जिन वदू, श्री सुपार्श्व भगवान्
भय सातो भागे, जागे जीवन प्राण।
सुखसिधु तरगो, मे भवभावी ताप
वह जावे पावे, आतम शाति अमाप ॥१॥

वीस स्थानक तप, भव तीजे आराध
जिन नाम करम शुभ, बाधे अव्याबाध।
तीरथ वर्तावे, दया-धर्म अधिकारी
तीर्थकर वदू, वीतराग जयकारी ॥२॥

षट् द्रव्य जगत मे, ज्ञेयादिक परिणाम,
रूपी व अरूपी, आपरूप अभिराम।
ज्ञानी गुणखाणी, जाणे परतिख भाव
अनुयायी परोक्षा-गम उपदेश प्रभाव ॥३॥

'श्री जिनहरि' पूजित, शासन भाव अनेक
अराधे भविजन, अनुपम पुण्य विवेक।
शासन रक्षक सुर-सुरी करे नित सार
दुख हर भर देवे, सुख-सपति भण्डार ॥४॥

श्री चन्द्रप्रभ जिन स्तुति

निर्दोष महोदय, सकल सुवृत्त सुगीत
मित्रोदय महिमा, पूर्णोल्लास पुनीत।
अमृतमय अद्भुत, निष्कलंक गुणधाम
श्री चंद्रप्रभ जिन, वदू भावोद्दाम ॥१॥

आतम सुखसागर, लीन पीन गुणवान्
स्वाधीन परमपद, सेवो श्री भगवान।
अपुनर्भवभावी सिद्ध वधू सिरताज
वंदूं चिरनंदूं, सिद्ध सिद्धि सुख काज ॥२॥

है धर्माधर्माकाश, अरूपी अजीव
पुद्गल है रूपी चेतन लक्षण जीव।
ये पांचों अस्तिकाय विशेषी काल
है छट्ठा धनधन जिन आगम की चाल ॥३॥

'श्री जिनहरि' पूजित, त्रिभुवन नायक देव
आराधक बुद्धे करते भविजन सेव।
सुर असुर करे नित उनकी सेवा सार
दें शुद्ध समाधि बोधि विशद विचार ॥४॥

श्री सुविधि जिन स्तुति

सुविहित विधि से जो सुविधिनाथ भगवान
पूजें तब धूजे कर्म महा बलवान्।
प्रभु पूजा के हैं द्रव्य भाव दो भेद
पूजक जन के जो दूर करें सब खेद ॥१॥

है नाम थापना द्रव्य निक्षेपा भाव
ये चारों सच्चे तात्विक वस्तु सुभाव।
जिन माने इनको सिद्ध स्वरूप विचार
नहीं हो सकता है नमो निक्षेपाचार ॥२॥

प्रभु नाम को रटते आवे भाव उदार
प्रभु प्रतिमा दर्शन में त्यों अधिक अपार।
है द्रव्य निक्षेपे भूत भविष्य विचार
जिन आगम गावे सुनो सुधर नरनार ॥३॥

गुणसिंधु दयालु परम पूज्य भगवान
श्री जिनहरि पूजित बोधि धरम गुणमान।

आराधक अविरल, भाव भविक दुःख पीर
हरते सहधर्मी, सुर वर कर तदवीर ॥४॥

श्री शीतल जिन स्तुति

शीतल जिन सेवा, सुखसागर की खीर,
भवि भक्त जनो की हरती भवभय भीर।
प्रभु कारण पद मे, कर्तापद उपचार,
कर सविनय माँगू, दो प्रभु समकित सार ॥१॥

सापेक्ष जगत में होते है व्यवहार
नही बाधा उनमे , होती करो विचार।
अस्तित्व तथा जो, नास्तित्वादिक भग
निज-पर भावों से सेवो सिद्ध सुरंग ॥२॥

निजपद से अस्ति, पर पद नास्ति विशेष
ये प्रकट धरम सब, रहे द्रव्य में वेश।
है अवक्तव्य, समकाले सत भग
जिन आगम गुरु गम, प्रकटे ज्ञान अभग ॥३॥

भगवान महोदय, 'जिनहरि सूर' समान
शुभ बोध बतावे, लय लावे गुणवान।
सुर असुर उन्ही की, पीड़ा करते दूर
कारण पद मे रह, चमकाते है नूर ॥४॥

श्री श्रेयांस जिन स्तुति

श्रेयांस प्रभुजी, श्रेयो गुण भण्डार
सतसगी जनता, क्रम से तन्मय तार।
जोड़े न करम के, रोड़े अडे लगार,
लट भवरी न्याये, एक रूप बलिहार ॥१॥

वरकाल-लब्धि का, होने से परिपाक
हो भव्य सुभावी नियती-कर्म विपाक।
पुरुषार्थ अहिंसा-संयम-तप को धार
हों स्वयंबुद्ध नित वंदू जगदाधार ॥२॥

ये पाचों कारण मिलते अपने आप
आतम की ज्योति बढती अतुल प्रताप।
"नहीं एक चने से हरगिज फूटे भाड़"
जिन आगम गावें, पांचों को लो ताड़ ॥३॥

अनहद सुखसागर है आतम भगवान्
'श्री जिन हरि' पूजित सेवो सुखद विधान।
सुर असुर सहायक होवें हो कल्याण
मिट जाय अनंती अंतराय संतान ॥४॥

श्री वासुपूज्य जिन स्तुति

वन्दूं प्रभु वासु पूज्य पूज्य भगवान
पूजक जन के जो पूज्य सुभाव निदान।
जिनदेव दयामय, स्वयंबुद्ध अवतार
भविकारज सिद्धि कारण अव्यभिचार ॥१॥

प्रातिहारज आठो समवसरण सुखकार
नहीं वीतरागता, बाधक लेश विकार।
यातें भवि पूजो द्रव्य-भाव अधिकार
पाओगे पावन पूज्येश्वर पद सार ॥२॥

ठाणागे चारों निक्षेपे कहे सत्य
भ्रम भेद मिटा दो सुन लो आगम सत्य।
सुर पूजें तैसे पूजो भक्ति उदार
भगवत्यादिक में, भाख्यो विधि विस्तार ॥३॥

'श्री जिन हरि' पूजित, सुखसागर अनुरूप
शासन मे वर्तो, हो जावो गुण भूप।
सुर असुर तुम्हारे, वने दास के दास
प्रकटावे सुखमय, अनुपम पुण्य विलास ॥४॥

श्री विमल जिन स्तुति

सव जीव जगत के, हो शासन अनुयायी
यह भव्य भावना, धारे भाव अमायी।
भव कर्म मलिन तम, सब मल दूर निवारे
प्रभु विमल विमलता, त्रिभुवन मे विस्तारे ॥१॥

पुण्यानुवधी, पुण्य कर्म जिन नाम
वीश स्थानक तप, सेवी पाये तमाम।
तीर्थंकर तीरथ, जगजन तारण हार
प्रकटावे वदू, जिन वन्दन जयकार ॥२॥

वर ज्ञाता अगे, वीसस्थान विधान
भाखे सुखसागर, तीर्थंकर भगवान।
गुरु गम से जानो, आराधो अधिकारी
जिन आगम सुविहित, साधक की वलिहारी ॥३॥

'श्री जिन हरि' पूजित, धर्म हृदय मे धार
चौथे गुणठाणे, वोधि उपाव उदार।
सयम श्रेणी चढ, करे सुरासुर सेव,
होते है सुव्रति, जन के सेवक देव ॥४॥

श्री अनंत जिन स्तुति

वदू नित भावे, तीरथ नाथ अनत
नामानुसारे, धारे ज्ञान अनत
आतम बल योगे, किया करम का अत
सुख सिंधु दयामय, भयहारी भगवत ॥१॥

है जीव ठिकाने मिथ्या दृष्टि आदि
चौदह गुण चढते पाते निज आजादी।
चौदह रज्जुमित लोक अंत में जाय
वदूं उनको जो ज्योति में ज्योति समाय ॥२॥

कहो जीव ठिकाने, या कह दो गुणठाण
जीवों में होते आगम वचन प्रमाण।
मिथ्या आदि में अयोगि-केवल अंत
भव अंत अत मे, प्रकटे पद जयवंत ॥३॥

'श्री जिन हरि' पूजित बोधिलाभ को पाय
भले कहीं रहो पर शुक्ल पक्षी हो जाय।
साधर्मी सुरासुर सारे वाछित काज
अनुपम सुख प्रकटे निज घर अविचल राज ॥४॥

श्री धर्म जिन स्तुति

प्रभु धर्म जिनेश्वर आत्म-धर्म के नाथ
करते औरों को हों जो उनके साथ।
पनरमा जिन सेव्यां पन्नरह परमाधामी
दुख दें न कदापि होवें त्रिभुवन स्वामी ॥१॥

कर धर्माधर्मा काश प्रदेश सवध
वर सादि अनते भागे भाव अबध।
लोकान्ते वासी सिद्ध अनन्तानन्त
सुख सागर वदूं, दे सुख मुझे अनत ॥२॥

उत्पाद व्यय दो पर्यायार्थिक भेद
ध्रुवता द्रव्यार्थिक नय मत एक अभेद।
त्रिपदी परिमित है द्रव्य छहों सद्रूप
आगम से प्रकटें अनुभव अमृत कूप ॥३॥

'श्री जिन हरि' पूजित दयामयी भगवान्
त्रिभुवन में अद्‌भुत भव तारक विज्ञान।

आज्ञा अवलम्बित, जीवन भाव प्रशस्त
बिन मागे देवे, वाछित देव समस्त ॥४॥

श्री शाति जिन स्तुति

श्री शाति जिनेश्वर, परम शान्ति दातार
यह जीव अनादि, कारण पाकर चार।
कर्मो के वश मे, रहे सदैव अशांत
शाति प्रभु सेवत, होवे परम प्रशान्त ॥१॥

मित्यात्व अविरति, कपाय योग संयोग
यह जीव हमेशा, रहा करम फल भोग।
सम्यग दर्शन युत, ज्ञान चारित्र संवध
शिव पद को साधे, वंदू सिद्ध अवध ॥२॥

ये चारो हेतु, जिन आगम मे देख
त्यागें जन धन वे, पावे पुण्य सुरेख।
गुरुदेव दया से, अथवा भाव निसर्ग
बोधि उत्तरोत्तर, जयतु ज्योति अपवर्ग ॥३॥

निष्कारण वन्धु, सुखसिन्धु भगवान्
'श्री जिन हरि' पूजित, शासन दिव्य विमान।
चढते भविजन झट, पावे पद कल्याण
सुर सेवा सारे, सहज सिद्ध उत्थान ॥४॥

श्री कुन्थु जिन स्तुति

चक्री तीर्थकर, दो पद पुण्य प्रताप
परमेष्ठी पाचो पद भी धारे आप।
कुन्थु प्रभु वदू, पार करो मा-बाप
अब सहा न जाता, मुझ से भव सताप ॥१॥

ज्ञानवरणी की, पाचो देवे छेद
दर्शन की नव से, करे आत्म का भेद।

मोहनी अडवीसों पाचो ही अतराय
मेटे पद अरिहत वदूं भाव अमाय ॥२॥

वेदनी की दोनो आयु कर्म की चार
शत तीन नाम की गोत्र की दो दें टार।
सिद्धातम होवें आगम के अनुसार
धन वह दिन पाऊ, जन्म सफल ससार ॥३॥

आतम सुखसिन्धु भय हारी भगवान
'श्री जिन हरि' पूजित, शासन सुखद विधान
सुविहित जो सेवें सेवे देव तमाम
दुख दूर निवारे पूरे वाछित काम ॥४॥

श्री अर जिन स्तुति

अरजिन अरिहता कर्म अरि कर नाश
स्वाधीन सुखो मे करते आप विलास।
हम दास प्रभु के जान कर्म बलवान
बदला ले हमसे स्वामी सुनो सुजान ॥१॥

उन कर्मों को हम कैसे मेटे नाथ
दिखला दो आ कर या रख लो निज साथ
है यही आप से, एक विनय अरदास
सुन लो हे भगवन जानो आप प्रकाश ॥२॥

सुख सिन्धु जिनागम गुरुगम जानो खास
होगा बस तुम में, अनुभव पूर्ण विकास।
कर्मों का करना अंत सबल संयोग
क्या पराधीन भी, पाते है सुख भोग ॥३॥

'श्री जिन हरि' पूजित शासन दया प्रधान
बुध जन आराधें पावें पुण्य निधान।
सेवा करते सुर असुर अकारण आप
मिट जावे फिर तो जीवन पाप संताप ॥४॥

श्री मल्लि जिन स्तुति

ससार अखाडा मोहमल्ल आधीन
दु:ख देत सभी को, भवदु ख देन प्रवीन।
मल्ली प्रभु दर्शन, डरा भगा वह दास
बन छिपा कायरो, के समूह मे खास ॥१॥

नर हो या नारी, पनरह भेदे सिद्ध
कर्मो को खपाते, है यह बात प्रसिद्ध
नवमे गुणठाणे, भाव वेद हो नाश
वर क्षपक श्रेणि मे, वदू सिद्ध प्रकाश ॥२॥

स्त्री पुरुष नपुसक, ये तीनो ही वेद
है नो कषाय ये, मोह कर्म के भेद।
आगम से जानो, त्यागो सयम धार।
सुखसागर मे फिर, वास करो निर्धार ॥३॥

भगवान अवेदी, "जिन हरि" पूज्य विशेष
शासन वर्तावे, धारे भविक हमेश
सुर असुर निवारे, रोग शोक सताप
सुख भोग उन्हीं को, देवे इच्छित धाप ॥४॥

श्री मुनिसुव्रत जिन स्तुति

जय जय मुनि सुव्रत, सुव्रत पद दातार
जय जय सुखसागर, दु ख हारी अवतार।
जय मोह शनिश्चर, खलबल दलन उदार
भगवान बचावो, अपना विरुद सभार ॥१॥

सुव्रत सयम वर, सद्‌गुण निधि आधार
जिन बोधि शुभकर, प्रभु दर्शन सुखकार।
निर्भय पद पाते, आतम सिद्धि सुराज
सिद्धो को वदू, गुण गाऊ घन गाज ॥२॥

सुव्रत आते ही, अविरत भाव विनाश
मिथ्यात्व बिचारा रहे न पहले पास।
हो कषाय योगो का भी क्रम से रोध
जिन आगम दर्शित प्रकटे पद अविरोध ॥३॥

'हरि' पूज्य विजयी जिन शासन वासित देव
भाविक जन की नित सार सुखकर सेव।
वन भवन बनावें शत्रु मित्र समान
सागर केलिद्रह विष को अमृत पान ॥४॥

श्री नमि जिन स्तुति

नमिनाथ दयालु। काम कषायाधीन
भूला दु ख पाया, भव वन मे मैं दीन।
बीतक क्या बोलू, जानो ज्ञानी आप
क्या कहना सुनना दे दो दर्शन धाप ॥१॥

दर्शन की जिनके लगी हृदय में छाप
निश्चय से मानूं, उनका पुण्य प्रताप।
अति बढा चढा है नहीं घटने का काम
उनको हो मेरा प्रतिपल भाव प्रणाम ॥२॥

दर्शन सुखसागर, दर्शन पद भगवान
दर्शन दर्शन मत वादी कहे अजान
दुनिया के दर्शन जीव बिना की देह
जिन दर्शन ही है जीवनदायक एह ॥३॥

जिन दर्शन महिमा गाते 'हरि' अमद
पूरण नहीं होती पावे परमानंद।
जिन दर्शन वालों से नित राखे राग
बढता है उनका जीवन कमल पराग ॥४॥

श्री नेमीश्वर जिन स्तुति

श्री नेमि जिनेश्वर, जीवन परम रहस्य
जो जाने पावे, अद्भुत सिद्धि अवश्य।
श्री राजिमती घन, सती शिरोमणि सार
प्रभु से कर जाना, प्रेम अभेद विचार ॥१॥

प्रेमी से करना, प्रेम सहज है वात
पर निस्नेही से, चमत्कार अवदात।
यह एक हथाली, ताली न्याय समान
करते सो वरते, सुखकर सिद्धि निधान ॥२॥

जग प्रीति रीति, स्वार्थ मोह से लीन
निस्नेही प्रभु से, निस्वारथ गुणपीन।
जिन आगम विधि से, जाने जो सविवेक
नित करू उन्ही को, वदन वार अनेक ॥३॥

सुख-सिधु सम्यक्, वोधदायि भगवान
'हरि' पूज्येश्वर जिन, शासन प्रेम प्रधान।
समझे, आराधे, उनके पुण्य सहाय,
सुर असुर करे नित, विघ्न विशेष विलाय ॥४॥

श्री पार्श्व जिन स्तुति

पाखड मिटा दो, होकर निर्भय वीर
जहरीलों पर भी, दया करो गुणधीर।
अपने दुश्मन पर, क्षमा करो आदर्श
समझावो स्वामी, पार्श्व नमू वहु हर्ष ॥१॥

जो पर उपकारी, नरपुगव गुणधाम
होते है जग मे, जीवन भावोद्दाम।
दीपक, रवि शशीसम, तम हरते दिन रात
उनकी पद सेवा पाऊ, पुण्य प्रभात ॥२॥

जो विषम विरोधी को भी दे सम्मान
सब धर्म समन्वय करता साधु निधान।
नयवादों से भी जिसका ऊचा स्थान।
जिन आगम वदू, स्याद्वाद् महान् ॥३॥

सुखसिन्धु सुखाकर पुरुषोत्तम भगवान्
'हरि' पूजित श्रीजिन पारस पद वर ध्यान।
ध्याता भविजन को, चितामणि समान
पद्मा धरणीन्दर देवें वांछित दान ॥४॥

श्री वीर जिन स्तुति

सिद्धारथ नदन, ज्ञात वश अवतस
श्री त्रिशला माता कुक्षी मानस हस
जय वर्द्धमान जय महावीर भगवान्
जय शासन नायक मेरे जीवन प्राण ॥१॥

प्रभु महातपस्वी दया-धर्म आधार
जग जीव मात्र का करने को उपकार
ज्योतिर्मय जन्में सुना अमर सदेश
सिद्धातम होते वदूं उन्हे हमेश ॥२॥

संयमी जन होवें वर्ण गुरु जग धन्य
सुख दुख का कर्ता हर्ता जीव न अन्य
सब में ईश्वरता शक्ति रूप समान
वर बोधि विधाता जयतु जिनागम ज्ञान ॥३॥

सुविहित खरतर विधि सुखसिन्धु भगवान्।
श्री जिन शासन 'हरि-सागर-सूर' समान।
भवि भयगज भेदन सुखनीरद-वर-हेतु
तम तोम निवारण नमो भवोदधि सेतु ॥४॥

स्तवन चौबीसी

१. आदि जिन स्तवन

(तर्ज · मारवाडी, लोटन करवा की)

प्रभु ऋषभ जिनन्दा सँभलजो रे, व्हाला मुझ अरदास ॥टेर॥

काल अनादि नी प्रीतडी जिनजी रे, सुखकारी रे म्हारा ऋषभ जिनन्दा,
तोडी ने रे करियु मोक्ष मा वास, प्रभु ऋषभ जिनन्दा ॥१॥

हूँ अधमा भवारण्य मा जिनजी रे, जयकारी रे प्रभु ऋषभ जिनन्दा,
रखडीने बहु पामी कर्मो नी त्रास, प्रभु ऋषभ जिनन्दा ॥२॥

आवी प्रीति नहीं सुज्ञजननी रे, मनहारी रे प्रभु ऋषभ जिनन्दा,
ए नहीं प्रीति नी रीति छै खास, प्रभु ऋषभ जिनन्दा ॥३॥

प्रीति तो एम पिछाणिये जिनजी रे, शिवकारी रे प्रभु ऋषभ जिनन्दा,
आपे रे जेह मित्र ने सुखनो वास, प्रभु ऋषभ जिनन्दा ॥४॥

हू पण छू अपराधिनी जिनजी रे, सुखकारी रे, प्रभु ऋषभ जिनन्दा,
तुझ सग त्यागी कर्यु विषय विलास, प्रभु ऋषभ जिनन्दा ॥५॥

विषय विष थी मुझाई ने जिनजी रे, जयकारी रे, प्रभु ऋषभ जिनन्दा,
तुझ मलवा नु न कर्युं काई प्रयास, प्रभु ऋषभ जिनन्दा ॥६॥

पुण्य उदय नर भव लह्यु जिनजी रे, मनहारी रे, प्रभु ऋषभ जिनन्दा,
वलि लह्यु किंचिद् सम्यग्ज्ञान प्रकाश, प्रभु ऋषभ जिनन्दा ॥७॥

तुझ दर्शन पिण पामियु जिनजी रे, शिवकारी रे म्हारा ऋषभ जिनन्दा,
मुझने मलियु सद्गुरु नो सहवास, प्रभु ऋषभ जिनन्दा ॥८॥

तो पिण हू अभागिनी जिनजी रे, सुखकारी रे, प्रभु ऋषभ जिनन्दा,
नवि कीधु हजी निज सद्गुणो विकास, प्रभु ऋषभ जिनन्दा ॥९॥

पण उत्तमजन रीति ए जिनजी रे जयकारी रे प्रभु ऋषभ जिनन्दा
शरणागत ने न करें तेह निराश प्रभु ऋषभ जिनन्दा ॥१०॥

चरण शरण प्रभु तुम तणो जिनजी रे मनहारी रे प्रभु ऋषभ जिनन्दा
मुझ ने छै व्हाला त्हारी निश्चल आश प्रभु ऋषभ जिनन्दा ॥११॥

समरथ छो तमे तारवा जिनजी रे शिवकारी रे प्रभु ऋषभ जिनन्दा
हूँशा माटे जाऊं अवरनी पास, प्रभु ऋषभ जिनन्दा ॥१२॥

विमल गिरी नो तूं राजियो जिनजी रे, सुखकारी रे प्रभु ऋषभ जिनन्दा
तुझ दर्शन थी पामियुं अति उल्लास प्रभु ऋषभ जिनन्दा ॥१३॥

आनन्द रत्नाकार आप छो जिनजी रे, जयकारी रे प्रभु ऋषभ जिनन्दा
मुझ मन माँ तुझ ज्ञान थी थाये उजास, प्रभु ऋषभ जिनन्दा ॥१४॥

ज्ञानोपयोग पसाय थी जिनजी रे मनहारी र प्रभु ऋषभ जिनन्दा
'सज्जन' मांगे तुझ चरणों मां वास प्रभु ऋषभ जिनन्दा ॥१५॥

२ अजित जिन स्तवन

(तर्ज चाहे तारो या न तारो)

दर्शन तुम्हारा जिनवर मुझको भी अब दिखादो।
भव का भ्रमण दया कर मेरा भी अब मिटादो ॥स्थायी॥

विजया के नन्द प्यारे, जितशत्रु के दुलारे।
मुक्ति का मार्ग प्रभुवर मुझको भी अब बतादो ॥१॥

अजितारि आप तो हैं रहते है मित्र सबके।
मैं भी बनूं प्रभूजी वैसी विधि जतादो ॥२॥

मोहादि शत्रु सारे घेरें खडे हैं मुझको।
कैसे इन्हें हटाऊं हे नाथ। मुझे बतादो ॥३॥

अज्ञान तम है छाया दिखता न मार्ग मुझको।
अध्यात्म ज्ञान-ज्योति मानस में अब जगादो ॥४॥

आतम स्वतन्त्रता का, उत्कट चरित्रता का।
लेना है दान विभुवर! अब शीघ्र ही दिलादो ॥५॥

स्वात्मानुभूति देना, यह प्रार्थना सुन लेना।
सन्तोष शान्ति जिनवर! मुझको भी अब सिखादो ॥६॥

लाखो को तुमने तारे, भव सिन्धु से उबारे।
नैया यह तट पै द्रुततर, मेरी भी अब लगादो ॥७॥

मुझको अगर न तारो, फिर आप ही विचारो।
है अन्य कौन सुखकर, जाऊँ कहाँ बतादो ॥८॥

मै हूँ अधम अपावन, तुम हो पतित पावन।
कर्मो का बन्ध दृढतर, हे नाथ! अब छुडा दो ॥९॥

आये शरण तुम्हारी, बनकर तेरे पुजारी।
कर सिर पै रख प्रभुजी, निर्भय मुझे बना दो ॥१०॥

आनन्दमय सुअवसर, पाया सज्ज्ञान दिनकर।
'उपयोग' दो कृपाकर, 'सज्जन' को झट जगादो ॥११॥

३. संभव जिन स्तवन

(राग · भैरवी, तर्ज. मुबारक हो मुबारक हो ....)

प्रभो! दर्शन की हूँ प्यासी, पिलादो नाथ! करुणा कर।
शुद्ध वह रूप अविनाशी, दिखा दो नाथ! करुणा कर ॥स्थायी॥

चतुर्गति मे जगत्त्राता, मुझे है कर्म भटकाता।
सहा दुःख यह नही जाता, मिटा दो नाथ! करुणा कर ॥१॥

कभी है क्रोध अहि डसता, कभी मद अष्ट मे फँसता।
कभी माया के वश पडता, बचा दो नाथ। करुणा कर ॥२॥

कभी हास्यादि षट् शत्रु पकडते आन मुझ जत्रु।
वेद त्रय पाश में जकडा छुडा दो नाथ। करुणा कर ॥३॥

ज्ञानमय रूप को भूला विषय झुले में मै झूला।
क्षणिक सुख प्राप्त कर फूला जगा दो नाथ। करुणा कर ॥४॥

पुण्य से प्राप्त यह नर भव शान्त हो जाय अब भव-दव।
मिले अति शीघ्र स्व-वैभव दिला दो नाथ। करुणा कर ॥५॥

सुद्ध सम्यक्त्वधारिणी बन करूं रत्नत्रयाराधन।
आत्महित के सभी साधन दिलादो नाथ। करुणा कर ॥६॥

गहूँ चारित्र अति उत्तम, लखू मै रूप निज अनुपम।
मेरे मन से अब मोह का तम, हटा दो नाथ। करुणा कर ॥७॥

करूं विनती यही भगवन्। काट दो कर्म के बन्धन।
चरण में कोटि अभिवन्दन स्वीकारो नाथ। करुणा कर ॥८॥

असम्भव हो सभी सम्भव तुम्हारे ध्यान से सम्भव
विमल आनन्द का अनुभव करा दो नाथ।करुणा कर ॥९॥

स्वर्ण सम वर्ण अति सुखकर ज्ञान उपयोग मय सुन्दर।
दासी 'सज्जन' को हे दिनकर। दिखा दो नाथ करुणा कर ॥१०॥

४ अभिनन्दन जिन स्तवन

(तर्ज - दिल लूटने वाले जादूगर)

अभिनन्दन जिनराज तमारूं दर्शन मुझ मन वसियु।
दर्शन दर्शन रटतु फरे छे मन दर्शन नु रसियु रे ॥स्थायी॥

सवर नन्दन वन ना चन्दन सिद्धार्था ना जाया रे।
गर्भस्थित अभिनन्दन कीनो, सुरपति शीश नवाया रे ॥१॥

दर्शन काजे साज सजू वहु तदपि न दर्शन पामू रे।
हूं परभव मां रमण करूं छूं, तुझ दर्शन किम पामू रे ॥२॥

मन खाचू जो परपरिणति थी, तो ते वलि वलि जाये रे।
जो नवि रोकू तो छूटो फरै छे, ते कहो किम वश थाये रे ॥३॥

काल अनादि थी जेहनो परिचय, पुद्गल थी छे स्वामी रे।
एने एह ज प्रिय भासे छे, नथी अन्य नो कामी रे ॥४॥

यद्यपि पुदगल सग थी एह ने रखडवू पडे भव वनमा रे।
तो पिण धृष्टथई साथ न त्यजतु, भय नही आणे मनमा रे ॥५॥

वार वार समझाऊ एहने, एक वात नही माने रे।
कृत्य अकृत्य न शोचतु मूरख, करतु छाने छाने रे ॥६॥

आवा अज्ञानी ने किम वारु हूँ, ते युक्ति समझावो रे।
तमने त्यजी कोनी शरणी हू जाऊं, तमे समरथ कहेवावो रे ॥७॥

तारी अनुपम मुद्रा जोई, मुझ मन हर्षित थाये रे।
निशदिन दर्शन चाहे तमारू, वीजे क्या नवि जाये रे ॥८॥

सुख सागर भगवान त्रैलोक्य मा, आनद रस वरसाओ रे।
मोह-तिमिर हरी मन-मदिर मा, ज्ञान नी ज्योति जगाओ रे ॥९॥

शुभ उपयोग मा प्रतिक्षण वरतु, जीवन सफल वनाऊ रे।
'सज्जन' मन नी ए अभिलाषा, शिव सुख भोगी वन जाऊं रे॥१०॥

५. सुमति जिन स्तवन

(राग · मौंड-नाकोडा, स्वामी .)

सुमति जिन स्वामी, शिवसुख, धामी सुमति दो सुखकार ॥स्थायी॥

नगर अयोध्या मे प्रभु जन्मे, मेघ नृपति के गेह,
सुमति प्रसृत सकल देश मे, अवतरे अर्हन् सदेह रे ॥१॥

सुमगला-नदन पाप निकन्दन, सुमति दो सुमति दातार,
दुर्मति भन्जन सन्मति-सर्जन, सुमति करण ससार रे ॥२॥

कुमति संग से बहु दुख पाया भ्रमण किया गति चार
अब दो नाथ दया कर मुझको सुमति सदा हितकार रे ॥३॥

कुमति कुलटा कुटिल कुनारी साथ से सब सुविचार
तप जप ध्यान नियम व्रत खो कर बना दरिद्र सरदार रे ॥४॥

सुमति बिना नहीं भावना आवे नहीं होवे मन अविकार
नाथ। कहो फिर कैसे पाऊं सुख सम्पति श्रीकार रे ॥५॥

कुमति कु-सखी निशदिन मुझको देती दुख अपार
नरक निगोद में जाके पटके, जहाँ दुख का नहीं पार रे ॥६॥

सुमतिनाथ। सुमति दो हमको जिससे जानें स्वरूप,
पर परिणति हटाकर स्व के बन जायें गुण भूप रे ॥७॥

सुमति संग से संयम रति हो हो सन्मति का विकास
सन्मति से सद्गति हो जाये दुर्गति का हो विनाश रे ॥८॥

विषय कषाय से विरति होवे संयम रति हो देव।
सन्मति से दुर्मति कुलटा का, त्याग होवे स्वयमेव रे ॥९॥

कर्म चेतना परिवर्तित हो सत्कर्म हो निष्काम
सतत जागृत रहे ज्ञान चेतना पाऊं पद विश्राम रे ॥१०॥

सुख सागर भगवान त्रैलोक्यपति आप है आनन्दकार
ज्ञानोपयोग की 'सज्जन' मन में कर दो ज्योति प्रसार रे ॥११॥

६ पद्मप्रभ जिन स्तवन

(तर्ज - थाँरी छोटी सी उमरिया)

प्रभुजी म्हारा पद्मप्रभ जिनराज चरण करूं वन्दना महाराज।
प्रभुजी म्हारा तुम त्रिभुवन शिरताज सदन आनंद नां महाराज ॥स्थायी॥

प्रभुजी म्हारा तुम देवाधिदेव वासी अपवर्गनां महाराज
तव पद-पंकज सेव करे सुर स्वर्गनां महाराज ॥१॥

प्रभुजी म्हारा भविजन धरे तव ध्यान, आत्म अनुभव करे महाराज,
वेशी चारित्रयान ससार, सागर तरे महाराज ॥२॥

प्रभुजी म्हारा, त्हारू शुद्ध स्वरूप, कारण छे सिद्धि नु महाराज,
ध्याता देखी निज रूप भोक्ता हो, स्व ऋद्धि नु महाराज ॥३॥

प्रभुजी म्हारा, हूँ पुद्गल सयोग, विसरी तुझ भक्ति ने महाराज,
उपदिशो एहवो प्रयोग सभारू, निज शक्ति ने महाराज ॥४॥

प्रभुजी म्हारा, शरणागत प्रतिपाल, दासी तुम पद तणी महाराज,
अष्ट कर्म जजाल थी काढो, मुझ भणी महाराज ॥५॥

प्रभुजी म्हारा, वाध्यो दुख सन्ताप, मली दुर्जन सहु महाराज,
तव आणा उत्थाप हू दुख, पामी वहु महाराज ॥६॥

प्रभुजी म्हारा, हवे मुझ पर दया लाय, आराधक वनावजो महाराज,
शान्ति सुधा वर्षाय ताप त्रय, शमावजो महाराज ॥७॥

प्रभुजी म्हारा, आत्म-भूमि नू करू सोध, बोध एह आपजो महाराज,
आश्रव नो करी रोध कर्म सहु, काटजो महाराज ॥८॥

प्रभुजी म्हारा, रक्तवर्ण जगनाथ, तव पद अनुरक्त छूँ महाराज,
मुझ मस्तक धरो हाथ तमारी, भक्त छूँ महाराज ॥९॥

प्रभुजी म्हारा, अनुपम आनन्द आज, कल्पतरु गृह फल्यो महाराज,
शिवपद लेवा काज आज, दर्शन मल्यो महाराज ॥१०॥

प्रभुजी म्हारा, अन्तर ज्ञान प्रकाश, थी जीवन कृत्कृत्य थयो महाराज,
उपयोग आपी पूरो आश 'सज्जन', कहे जिनजयो महाराज ॥११॥

७. सुपार्श्व जिन स्तवन

(तर्ज - तेरे पूजन को भगवान् .. .)

पुण्योदय से मैने आज भेटे श्री सुपार्श्व जिनराज ॥स्थायी॥
पिता प्रतिष्ठ के पुत्र है प्यारे, माँ पृथ्वी के राजदुलारे,
जगज्जन तारण तरण जहाज . भेटे .... ॥१॥

तव जन्म से धन्य है अवनी जैसे चन्द्रोदय से रजनी।
शोभित तुमसे जीव समाज भेंटे ॥२॥

सूरत मूरत मोहनगारी, श्री सुपार्श्व जिनराज तुम्हारी।
तुम हो त्रिभुवन के शिरताज भेंटे ॥३॥

अगम अपार तुम्हारी महिमा अलख अचिन्त्य है सारी गरिमा।
कह कह थाके सुर-नर राज भेंटे ॥४॥

मै हूँ अधमा अति दुखियारी चरण शरण गही नाथ। तुम्हारी।
रख लो अब प्रभु मेरी लाज भेंट ॥५॥

कर्मराज ने मुझको पटका, भव वन में मै खूब ही भटका।
बचालो मुझको प्रभुवर। आज भेंटे ॥६॥

तव आज्ञा को शिर पर धारूँ कर्मों का गुरुभार उतारूँ।
मेरी सुध लो गरीबनवाज भेंटे ॥७॥

कर्म चेतना में भरमाया ज्ञान चेतना से सुख पाया।
बाजे विजयदुन्दुभि आज भेंटे ॥८॥

आत्मज्ञान बिन जग में अंधेरा ज्ञान-ज्योति का करो उजेरा,
जिससे सुधरे सारे काज भेंटे ॥९॥

वीतराग तव ध्यान से होता नहीं खाता भवोदधि में गोता।
भविजन पाता स्व-साम्राज्य भेंटे ॥१०॥

शुद्ध निर्मलानन्द दिलादो ज्ञानोपयोग पीयूष पिलादो।
'सज्जन' माँगे प्रभु जिनराज भेंटे ॥११॥

८ चन्द्रप्रभु जिन स्तवन

(राग धन्याश्री सखिरी। मोरी आज की)

सूरत पर। वारी जाऊं जिनचन्द ॥टेर॥
चन्द्रप्रभ जिन जन मन रन्जन महसेन नृप नंद। सूरत ॥१॥
समवसरण बिच आप विराजत ज्यो तारा बिच चन्द। सूरत ॥२॥

श्वेत स्निग्ध तव वदन प्रभा लख, ले भवि चकोर आनद। सूरत ......॥३॥
आभा-मण्डल मध्य तव आनन, जैसे दीप्त दिनन्द। सूरत ......॥४॥
अष्ट महा प्रातिहार्य की शोभा, देखत होय आनन्द। सूरत ...॥५॥
सुधासिक्त गम्भीर गिरा सुन, दूर करे मोहमन्द। सूरत ....॥६॥
देश सर्व विरति धर भविजन, काटत कर्म के फन्द। सूरत ..॥७॥
एक कोटि नित सेवा करते, आपकी निर्जर वृन्द। सूरत ..॥८॥
अम्बर शहर मे आप विराजे, दर्शन है सुख कन्द। सूरत ....॥९॥
आनन्दमय शुभ अवसर है यह, उदय हो ज्ञान अमन्द। सूरत ..॥१०॥
शुभ उपयोग मे रमण करूँ नित, 'सज्जन' माँगे जिनन्द। सूरत .. ..॥११॥

९. सुविधि जिन स्तवन

(तर्ज - सुना है तुमने, तारे है लाखो)

प्रभो। तुम्हारी छवि है प्यारी,
हमारे दिल को लुभा रही है।
आगी तुम्हारी अति मनोहारी,
बिखेर अपनी प्रभा रही है ॥स्थायी॥

सुग्रीव कुल के हो तुम दिनकर,
श्वेत वर्ण मय देह मनोहर।
स्नात्र महोत्सव करते सुखकर,
देव-देवियाँ हर्षा रही है, प्रभो ॥१॥

शैशव मे चचलता नहीं थी,
यौवन की मादकता नही थी।
वैभव मे आसक्ति नही थी,
यह उत्तमवृत्ति सिखा रही है, प्रभो ॥२॥

मस्तक मुकुट है परम मनोहर,
गलहार भुजबन्द अत्यन्त सुन्दर।

यह शान्त मूरत तुम्हारी जिनवर,
आँखों से अमृत वर्षा रही है प्रभो ॥३॥

सब दुखहारी, प्रमोदकारी,
यह दिव्य प्रतिमा प्रभो। तुम्हारी।
एक बार भी जिसने निहारी,
उन्हीं नयनों में समा रही है प्रभो ॥४॥

कायोत्सर्ग मुद्रा नासाग्र दृष्टि
करती है शान्त-सुधा की वृष्टि।
जीवन में रचती नवीन सृष्टि
अज्ञान सारा भगा रही है प्रभो ॥५॥

श्रेष्ठ मानव चरित्रता का
जीवन की वर पवित्रता का।
कर्मफल की विचित्रता का
पाठ अनुपम पढा रही है, प्रभो ॥६॥

जब जग में भौतिकता है छायी
तब आध्यात्मिक ज्योति जगाई।
मोहान्धता है सबकी मिटाई
हम सबकी भी मिटा रही है प्रभो ॥७॥

मोह रिपु को हटाने वाला
स्वरूप को प्रकटाने वाला।
भव भ्रमण को मिटाने वाला
यह ज्ञान हमको सिखा रही है प्रभो ॥८॥

आत्मशुद्धि की विधि सिखलायी,
पथ भूलो को राह दिखाई।
भेद ज्ञान की कुंजी बताई
अब भी हमको बता रही है प्रभो ॥९॥

द्रव्य भाव से पूजा जो करते,
पाप ताप सन्ताप को हरते।
भविजन वांच्छित सुख को वरते,
सिद्धि सत्पथ दिखा रही है, प्रभो ॥१०॥

श्री सुविधि जिन तुम्हारा दर्शन,
करता आध्यात्मिक आनन्द वर्द्धन।
ज्ञानोपयोग मे रहे 'सज्जन' मन,
हृदय की विनती सुना रही है, प्रभो ॥११॥

१०. शीतल जिन स्तवन

(राग : सोरठ - पथडो निहालूं रे)

किम गुण गाऊ रे, शीतल जिन तणा रे,
महिमा जेहनी अनन्त।
कही कही थाक्या रे, गणधर सुरवरा रे,
पण नही पाम्या अन्त ॥स्थायी॥

जेहना तेजने रे असख्य सूर्य शशधर मली रे,
प्राप्त कदापि न थाय।
तो पिण शीतल रे जे छे एहवो रे,
भविना ताप शमाय किम ॥१॥

मधुर सुधा सम जेहनी वाणी छे रे,
भविजन करता पान।
मोह विष हरती रे भरती अनुपम शाति ने रे,
करती प्रकट शुभ ज्ञान ॥२॥

शीतल जिन नो रे नाम सदा जपो रे,
जो चाहो शिव सुख।
एहना जाप थी रे ताप सवि टले रे,
मिट जाये भव दुख . किम . ॥३॥

ज्ञान अनन्तो रे ज्ञेय तणी परे रे
जाणे त्रैकालिक भाव।
तुलना नहीं थाये जगमा कोई थी रे
एहवो अगम स्वभाव किम ॥४॥

दर्शन गुणनी रे तेम अनन्तता रे,
कोई थी न कहेवाय।
सुर-गुरु पिण ते नहीं सके कही रे
रसना कोटि निर्माय किम ॥५॥

आत्मरमणता रे भोग स्वरूप नो रे
ते आनन्द अमाप।
अनुभव करे ते जाणे सही रे
बीजा करे रे प्रलाप किम ॥६॥

शक्ति अपरिमित प्रभुवर। आपनी रे
प्रभुता लोपे न कोय।
सकल द्रव्य तव आज्ञा शिर धरे रे
अदभुत रीति जोय किम ॥७॥

तुझ आलम्बने स्वरूप मुझ भाससे रे
ए आशा मन धार।
हवे तव शरण प्रभु हूँ आदर्यो रे
तार प्रभो! मुझ तार किम ॥८॥

समर्थ नर नो चरण शरण अवलम्बतां रे
निर्भय सहु को थाय।
आप सदृश्य कोई अन्य समर्थ नथी रे,
पूरव पुण्ये कोई पाय किम ॥९॥

आनन्दायक योग अपूर्व मल्यो रे
सफल करू अवतार।

दर्शन ज्ञान चरण नी साधना रे,
'सज्जन' करशे भव पार . किम ॥१०॥

११. श्रेयांस जिन स्तवन

(तर्ज - तावडो धीमो पडजा रे)

मूरति मोहनगारी है, दर्शन से दुःख जाय
ध्याय होवे भवपारी है ॥स्थायी॥

विष्णु नृप नन्दन सदा रे, वन्दो निर्मल भाव, प्रभुजी ...
प्रकट करो निज शक्ति को रे, त्यागो सभी विभाव ..
दाव यह मिल गया भारी है, दर्शन ॥१॥

प्रभु दर्शन पीयूष से रे, नष्ट विषय विष दोष, प्रभुजी ...
रुग्ण आत्म ले स्वस्थता रे, रत्नत्रय का पोष ...
शोष कर्मो का भारी है, दर्शन ॥२॥

प्रभु दर्शन चिन्तामणि रे, चिन्ता देता चूर, प्रभुजी ..
ऋद्धि सिद्धि समृद्धि हो रे, बजे सुयश के तूर ....
नमे सुर नर अधिकारी है, दर्शन ... ॥३॥

प्रभु दर्शन है काम घट रे, पूरे इच्छित सर्व, प्रभुजी ....
देख जिसे मिट जाय द्रुत रे, सुरपति का भी गर्व ...
महिमा अपरम्पारी है, दर्शन .. ॥४॥

प्रभु दर्शन है कल्पतरु रे, कामित फल दातार, प्रभुजी ..
जिसकी छाया सुखद है रे, भव-भव दुःख हर सार ....
सुखी बनते नर-नारी है, दर्शन .... ॥५॥

प्रभु दर्शन अद्‌भुत पवि रे, दुरित कर्म ध्वसकार, प्रभुजी ...
सदाश्रेय हो भक्त का रे, खोले मुक्ति के द्वार ....
बन्द ससार की बारी है, दर्शन ..... ॥६॥

प्रभु दर्शन अपूर्व रवि रे, करता ज्ञानालोक, प्रभुजी
ज्ञानालोक के उदय से रे हर्षित हो भव्य कोक
शोक सब दूर निवारी है दर्शन ॥७॥

श्रेयस् करते जगत का रे हरते पाप विकार प्रभुजी
भरते रत्नत्रय राशि से रे भवि के हृदय भण्डार
सार शुभ के दातारी है, दर्शन ॥८॥

प्रभु दर्शन पाये बिना रे आवे नहीं भव अन्त प्रभुजी
भविजन दर्शन कर सदा रे पाते भवजल अन्त
सन्त जन कहते पुकारी है दर्शन ॥९॥

श्रीजिनवर दर्शन मिला रे खिला हृदयमय फूल प्रभुजी
आनन्दामृत इस सुगन्ध से रे मिटी अनादि की भूल
मूल समकित सुखकारी है दर्शन ॥१०॥

प्रभु दर्शन शारद शशि रे, शीतल ज्योत्स्ना धाम प्रभुजी
पाप ताप सन्ताप का रे जहाँ न किन्चित काम
राम आराम अपारी है दर्शन ॥११॥

ज्ञान भानु के उदय से रे, हटा मोह-तम आज, प्रभुजी
शुभ उपयोग प्रसाद से रे 'सज्जन' मिला स्वराज
काज सब दिये सुधारी है दर्शन ॥१२॥

१२ वासुपूज्य जिन स्तवन

(राग आशावरी, तर्ज उवसग्ग हर)

वन्दू वासुपूज्य जयकारी अविकारी, सुखकारी रे, वन्दूं ॥ स्थायी॥

चम्पापुरी के नृप वसुपूज्य की महाराज्ञी जया नारी।
रत्नकुक्षी से राजहंस सम, स्वर्ग से आये अवतारी वन्दूं ॥१॥

रोहिणी नक्षत्र मे जन्मे प्रभु, आवे छप्पन कुमारी।
करे प्रसूतिकर्म भक्ति भर, हर्ष हृदय मे अपारी, वन्दूँ . ॥२॥

कल्याणक तप स्तुति

(१)

हो शासन रसिये जग जन्तु यह भाव
घर, बीस-थानक तप सेवें पुण्य प्रभाव
तीर्थंकर पावन नामकर्म गुण खाण
पांचों प्रकटावें कल्याणक कल्याण ॥१॥

अनुपम ये पांचो कल्याणक गुण योग
करे पंचम ज्ञानी, पंचम गति सुख भोग
आतम पद पाचों, परमेष्ठि सिरताज
परपंच रहित नित, ध्याऊं श्री जिनराज ॥२॥

केवल कल्याणक धारी श्री अरिहत
बोधे कल्याणक अर्थ रूप जयवंत
गणधर गुणकारी गूंथे श्री श्रुतज्ञान
आराधूं पाऊं, कल्याणक वरदान ॥३॥

पांचा कल्याणक सुखसागर भगवान
आराधक प्राणी कल्याणक परधान
हो सुर "गणपति हरि" पूज्य जगति जयकार
निर्भय पद उत्तम पावें सुख भंडार ॥४॥

(२)

जब लो यह चेतन रमण करे परभाव
तब लों यह गिणती जैसे शून्य सभाव
समकित गुण एको प्रगटे परम विवेक
कल्याणक पदवी नमूं भाव अतिरेक ॥१॥

वह च्यवन जनम भी, है कल्याणक रुप
दीक्षा वर केवल आतम भाव अनूप
निर्वाण कल्याणक, अगम अगोचर आप
आतम सुख भोगे, नमूं मिटे सताप ॥२॥

जिनमत सत जानो, विश्वधर्म वर मूल
सब दुख अशान्ति, दूर करण अनुकूल
कल्याणक परतिख, कारक सार निमित्त
कल्याणक कारण, नमू नित्य एक चित्त ॥३॥

निज सुखसागर मे, रमे सदा भगवान
कल्याणक भावे पावन विविध विधान
भविजन आराधे, "जिन हरि" पूज्य विशेष
सुर गणनायक भी, प्रणमें नमूं हमेश ॥४॥

वर्षी तप की विधि

यह तप चैत्रवदी आठम से प्रारम्भ होता है ओर 2 वर्ष पूर्ण होने के पश्चात् अक्षय तृतीया के दिन इक्षुरस से पारणा करके यह तप पूर्ण होता है। इसमे एकातर उपवास व पारणा मे बियासना करना पड़ता है तथा चतुर्दशी को भी उपवास करना आवश्यक है। इसी प्रकार तीनो चौमासी के छट्ठे अर्थात् बेले करने चाहिए। तप पूर्ण होने पर अक्षय तृतीया को 108 कलश से इक्षु रस से पारणा करते हुए ठाम चौविहार करना चाहिए। बरसी तप मे - आखा तीज को बिना पारणा लिये 2 वर्ष से कुछ अधिक समय मे 400 उपवास की गणना पूर्ण करते हुए यह तप किया जाता है।

क्रिया उपवास के दिन दोनो समय प्रतिक्रमण करना आवश्यक है। प्रतिदिन करे तो बहुत ही अच्छा है।

"श्री ऋषभदेव नाथाय नम" की 20 माला गिनें।

12 लोगस्स के कायोत्सर्ग, अरिहन्त पदके अशोक वृक्ष आदि 12 खमासमणा, 12 प्रदक्षिणा 12 साथिये।

चैत्यवदन

(१)

प्रथम' तीर्थपति ऋषभजिन सयम लेते धार
छट्ठ-छट्ठ प्रत्याख्यान ले, करते उग्र विहार ॥१॥

वन उपवन नगरादि में विचरण करते धीर
भिक्षाविधि अनभिज्ञ जन देवें अन्न न नीर ॥२॥

रत्न वस्त्र गज अश्व ले या ले कन्या रत्न
कहे लीजिये नाथ। ये लाये हैं सयत्न ॥३॥

किन्तु प्रभु देखें नहीं क्योकि कर दिये त्याग
शान्त भाव आगे चलें वीतराग महाभाग ॥४॥

एक वर्ष तक यों रहे प्रभुवर बिना आहार
धन्य धन्य 'सज्जन' करे कर्म कलंक संहार ॥५॥

(२)

देश ग्राम, पुर विचरते गजपुर करें प्रवेश
राजभवन पथ संचरे तीर्थपति ऋषभेश ॥१॥

नृप सूर्य यश सुत प्रवर श्रीश्रेयांस पुण्यवान
देख जानकर ज्ञान से दे इक्षुरस दान ॥२॥

देववन्दन और दो सहस्स नाथाय नम का जाप।
द्वादश नमस्कार काउसग्ग करें 'सज्जन' मिटे भवताप ॥३॥

(३)
(तोटक छन्द)

निज पूर्व किये सब कर्म महा बलवान विरोधि पराजय को
प्रभु आदि अचचल भाव भरे तप वार्षिक हर्षित हो करते ॥१॥

प्रभु का तप तेज अहो कितना निज को, पर को सुखदायक था
कृत कर्म कटे सब भर्म मिटे परमातमता गुण भी प्रकटे ॥२॥

धन्य भाग्य किये जिन ने प्रभु के शुभ दर्शन-दर्शन पावन हो
सुखसागर वे भगवान बने 'हरि पूज्य' हुये जय हो जय हो ॥३॥

वर्षीतप का स्तवन

(१)
(तर्ज - सावन का महिना)

प्रभु ऋषभ पधारे हस्तिनापुर मे आज
आओ-आओ सब मिल चालो, सजो मगलमय साज ॥टेर॥

कोई कहे गज भेट करेगे, उत्तम अश्व की भेट धरेगे
रत्न-वस्त्र-कन्या, ले लो प्रभु के काज --- आओ --- ॥१॥

द्वार द्वार पर प्रभु है आते, कुछ नही लेते आगे ही जाते
है त्यागी और विरागी, त्रिभुवन के शिरताज -- आओ --॥२॥

आगे प्रभु है पीछे नगरजन, साथ मे लेकर श्रेष्ठ श्रेष्ठ धन
कहते है विनय से, कुछ ले लो हे महाराज! आओ ..॥३॥

राजभवन के वातायन से, देखा श्रेयास ने प्रभु को नयन से
जातिस्मरण से जाना, प्रभु फिरते भिक्षा काज -- आओ ..॥४॥

भिक्षाविधि से अज्ञ जन है, प्रभु का तप.कृश हो रहा तन है
है कर्म कैसा निर्दय, नहीं छोडे जिनराज --- आओ ....॥५॥

झटपट दौड कर नीचे आया चरण कमल मे शीश झुकाया
दादा। हमारे आओ हे तारण तरण जहाज -- आओ ॥६॥

एक वर्ष निराहार बिताया, अन्तराय कर्म उदय मे आया
अब मेरा भाग्य जगाया पधारो गरीब-नवाज -- आओ ॥७॥

मेरे आँगन को पावन करिये इक्षुरस से पारणा करिये
धन्य जीवन मेरा पाये है दर्शन आज -- आओ ॥८॥

कर पात्री प्रभु अजलि करके पान किया रस यथेष्ट भरके
अहोदान की दुन्दुभि, रही गगन में गाज -- आओ ॥९॥

नीर सुगन्धित पुष्पो की वृष्टि हो रही पुलकित सारी सृष्टि
साढे बारह कोटि सोनैया बरसे आज -- आओ ॥१०॥

धन्य धन्य आदीश्वर स्वामी धन्य श्री श्रेयास सुनामी
'सज्जन' करते अभिनन्दन अक्षयतृतीय दिन आज -- आओ ॥११॥

(२)

(तर्ज आओ पधारो महावीर)

जय हो आदीश्वर भगवान ओ वर्षीतप वाले
जय हो ऋषभ भगवान ओ वर्षीतप वाले ॥टेर॥

इक्ष्वाकु कुल कमल दिवाकर मरुदेवीनन्दन विश्व उजागर
शिक्षक ज्ञान विज्ञान ओ वर्षी तप वाले ॥१॥

युगलिक जन आचार हटाया रीति नीति व्यवहार बताया
सर्व विधि व विधान ॥२॥

चार सहस्र संग व्रत को धारे, निशदिन आत्मस्वरूप विचारे
षष्ठ भक्त प्रत्याख्यान ॥३॥

कोई गज रथ घोडे लावे मणि माणिक मुक्ताफल लावें।
भिक्षाविधि से अजान ॥४॥

वीतराग प्रभु मौन के धारी, अन्तराय का उदय विचारी
धारें तपस्या प्रधान ॥५॥

वर्ष दिवस तक रहे अनाहारी, ऐसी उत्तम तपस्या धारी
धन्य धन्य गुणखान ॥६॥

श्री श्रेयासकुमार बडभागी, पुण्यवान् सुधर्मानुरागी
दे इक्षुरस दान ॥७॥

पञ्चदिव्य तब सुर प्रगटावे, धन्य-धन्य श्रेयांस कहावे
सुरनर करे गुणगान ॥८॥

सुख सिन्धो भगवान् तुम्हारी, त्रिभुवन के सुर नर और नारी
करे भक्ति एक तान ॥९॥

हरिपूज्य प्रभु केवल पाये, कर्म क्षय कर मोक्ष सिधाये
पाये आनन्द महान् ॥१०॥

ज्ञान कीज्योति घट मे जगादो, सद् उपयोग मे जीवन लगा दो
'सज्जन' माँगे वरदान ॥११॥

(३)

(तर्ज - मै तो दिवाना प्रभु तेरे लिये)

प्रभु हाजिर खडे हम तेरे लिये
तेरे लिये, हाँ तेरे लिये, प्रभु ॥टेर॥

नाभि नृप मरुदेवी के नन्दन, वन्दन करे हम तेरे लिये ॥१॥
हाथी को लावे, घोडो को लावे, रथ को मगावे प्रभु तेरे लिए ॥२॥
कन्या को लावे, ब्याह रचावे, महल तैयार करे तेरे लिये ॥३॥
रत्नो को लावे, मणियो को लावे, कचन का ढेर करे तेरे लिये ॥४॥
शाल दुशाले वस्त्र अनोखे अर्पण करे हम तेरे लिये ॥५॥
यह दुख हमसे देखा न जावे, दुखिये हम प्रभु तेरे लिये ॥६॥

संसार छोडा सयम को धारा मौनी हुये प्रभु किसके लिये ॥७॥
वर्षी तप को धारे प्रभुजी, कर्म कलक हरने के लिये ॥८॥
श्रेयास आया इक्षु रस लाया वह तो उचित था तेरे लिये ॥९॥
भक्तो ने जाना तब से प्रभुजी आहार देना प्रभु तेरे लिये ॥१०॥
पच दिव्य तब, प्रकटे थे भारी, 'हरि' करे जय तेरे लिये ॥११॥

वर्षीतप की स्तुति

(१)

वद चैत की आठम सयम धारे नाय
साधु हो जावे चार सहस नर साथ
पूरव भव भावी विघन घनाघन जोर
वर्षीतप ध्याने हरे नमू कर जोर ॥१॥

भिक्षा विधि जाने नहीं लोक सविशेष
देवे कन्या हय हाथी मणिमय वेश
वर्षाधिक व्रत धर वीतराग अवतार
मौनी महात्यागी प्रभु की जय जयकार ॥२॥

जाति समरण से श्री श्रेयांस कुमार
प्रभु रूप पिछाने भिक्षा विधि विचार
इक्षुरस अमृत बहरावे शुभ भाव
जिन आगम बोधे जय जय पुण्य प्रभाव ॥३॥

हरि पूज्य प्रभु का तप पारण दिन सार
पावन तम जग में अखातीज जयकार
सोनैया सुमनस सुगन्ध जल बरसाद
सुर असुर करे जग जय-जय पुण्य प्रसाद ॥४॥

(२)

सुखमा दुखमा के अन्त समय भगवान
युग आदि कर्ता हर्ता जग अज्ञान
शिव मारग बोधे निज जीवन दृष्टान्त
वर्षीतप धारे जय-जय परम प्रशान्त ॥१॥

इच्छारोधन तप क्षमा सहित हितकार
चित्त धारे वारे आठों कर्म विकार
आतम उजवाले परमातम पद धार
ऋषभादिक जिनवर वन्दू बारम्बार ॥२॥

निश्चय शिवगामी तप पद उद्यमवान
होता उद्यम से सकल समस्त विधान
कालादिक जानो सहयोगी समवाय
जिन आगम बोले सेवो सदा अमाय ॥३॥

हरि पूज्य सुपावन जिन शासन के भाव
भवि जो आराधे उनके अमित प्रभाव
सब देवी देवा विघन हरे तत्काल
सुख सम्पत्ति पूरे, भजो तजो जंजाल ॥४॥

छ:मासी तप की विधि

श्री महावीर प्रभु के शासन मे उत्कृष्ट छ मासी तप 180 उपवास का होता है। एक सौ अस्सी उपवास एकातर पारण वाला होता है। उजमणे मे 180 लाड़ू, फल वगैरह प्रभु के आगे रखना, तपस्या के दिन "श्री महावीर नाथाय नम" इस पद की 20 माला प्रदक्षिणा, साथिया आदि 12-12 करना।

एकातर उपवास 12 मास तक करने पर छ मासी तप पूरा होता है। इस तप में भी चौदस को खाना नही छट्ठ (बेला) करना चाहिए।

छ मासी तप चैत्यवदन

महावीर महिमा निधि, वदू भाव प्रधान
छह मासी दिन पाच कम उपवासी भगवान ॥१॥

पौप वदी पडिवा प्रभु महा अभिग्रह धार
इस हालत मे दे यदि तो कल्पे आहार ॥२॥

नृप कन्या दासी हुई मुण्डित मस्तक केश
पडी बेडियां पैर हों रोती हो सविशेष ॥३॥

अन्दर बाहिर पग किये द्वार देश के पास
उडद बाकुले छाज में लिये हुये हो खास ॥४॥

भिक्षा से निवृत्त हो जब भिक्षाचर लोक
अट्ठम तप के पारणे धरकर भाव अशोक ॥५॥

सतियों में मोटी सती चन्दनबाला सार
पूर्ण अभिग्रह को करें धन धन धन अवतार ॥६॥

सुखसागर भगवान जिन हरि पूजित अविकार
महातपस्वी वीर को वन्दूं बारम्वार ॥७॥

छ मासी तप स्तवन

(तर्ज - केसरिया थासु प्रीत लगी रे)

श्री वीर प्रभु जी आतम बल शक्ति अविचल दीजिये ॥टेर॥

छमासी तप किया आपने संगम सुर उपसर्ग
क्षमा सहित नित विचरे स्वामी नामी निजी निसर्गे रे ॥१॥

महा अभिग्रह मे भी अद्भुत छहमासी तप धारा
चन्दनबाला उडद बाकुले, खोला पुण्य भडारा रे ॥२॥

कर्म कलक मिटाया स्वामी, अकलकी अवतारा
शासन नायक नित गुण गाऊ, जय-जय प्रभु जयकारा रे ॥३॥

राग द्वेष जड मूल उखाडे, समता गुण भडारी
वीतराग योगीश्वर पूरे, जाऊ मै बलिहारी रे ॥४॥

यम नियमादिक आठ साधना, सहज सिद्ध प्रभु पाये
मन वच काया योग एकता, आतम ध्यान लगाये रे ॥५॥

परमातम पद ज्योति रूपे, त्रिभुवन भूप जिनेशा
हे प्रभु कृपया दो उपकारी निज पावन गुण लेशा रे ॥६॥

हो अकाम मन से तप कैसे, मारग यह दिखलाओ
प्रभु पद मे तन्मय हो जाऊ, यह विधि प्रभु सिखलाओ रे ॥७॥

राजयोग हठयोग न जानू, चक्र भेद नहीं जानू
ईडा पिगला नहीं सुषमणा, केवल तुमको मानूं रे ॥८॥

उपसर्गो मे रहू अचचल, निर्भय विचरू स्वामी
वैसी शक्ति दीजे प्रभुवर, सविनय सदा नमामी रे ॥९॥

शूलपाणि अरु चण्डकोशिया, गोशाला दु:खदायी
आत्मबोध पाये प्रभु तुमसे, धन वह पुण्य कमाई रे ॥१०॥

सुखसागर भगवान् तुम्ही हो, जिन 'हरि' पूज्य उदार
शरणागत वत्सल सुखदाता, दो प्रभु पद अविकार रे ॥११॥

छः मासी तप स्तुति

छह मासी तप से पावन जिनवर वीर
अविचल सुर गिरि सम सागर सम गभीर
सगम सुर हारा कर उपसर्ग अनेक
वन्दू उपकारी वीतराग सविवेक ॥१॥

शत्रु मित्र मे जिनका है समभाव
निष्काम भाव से करे भविक नरनारी
उत्तरोत्तर शुद्धि शुक्ल ध्यान अधिकारी
जिन वन्दू भावे जगदीश्वर उपकारी ॥२॥

छह मासी तप की महिमा अगम अपारी
निष्काम भाव से करे भविक नरनारी
भव सागर वरते भरते पुण्य भंडारी
जिन आगम गावे जाऊं मै बलिहारी ॥३॥

सिद्धायिका देवी सांची शासन माई
आराधें उनकी करती नित्य सहाई
जिन हरि पूज्येश्वर वर्द्धमान भगवान
सेवा अनुरागी दे मनवांछित दान ॥४॥

पर्युषण पर्व

पर्युषण पर्व चैत्यवदन

(१)

पर्युषण है जैन का सभी पर्व शिरताज
आत्मशुद्धि करते भविक पाने को शिवराज ॥१॥

प्रभु पूजा से पुनित हो प्रभु से घर अनुराग
स्वरूप में ही रमण से विषय कषाय विराग ॥२॥

आत्मरमण के निमित्त हैं वीतराग भगवान
"सज्जन" दर्शन वन्दना पूजन है सुख खान ॥३॥

(२)

पर्युषण अष्टान्हिका, पर्व आराधन सार
धन्य और कृतपुण्य ही, भरते पुण्य भडार ॥१॥

विविध भांति प्रभु पूजते, अभयदान ब्रह्मधार
तप सयम स्वाध्याय से, सफल करे अवतार ॥२॥

जिन चरित्र स्थविरावलि, समाचारी अधिकार
कल्पसूत्र को श्रवण कर, 'सज्जन' हो भवपार ॥३॥

(३)

पर्युषण ससार मे, पर्व शिरोमणि सार
ता मे भी जिनराज को, पूजो दोय प्रकार ॥१॥

पूजा करते पूज्य गुण प्रकटत है निर्धार
आतम हो परमात्मता पाये पद अविकार ॥२॥

जिन प्रतिमा जिन सम गिने, पूजे जो निशक
हरिसागर गंभीर वह, जग मे हो अकलंक ॥३॥

पर्युषण पर्व स्तवन

करलो करलो रे थे भविजन प्राणी, शिवसुख वरलो रे
पजुषण करलो रे ॥टेर॥

सब सुरवर मिल निज निज भक्ते, द्वीप नदीश्वर जावे रे
आठ दिवस अट्ठाई महोत्सव, कर सुख पावे रे ॥१॥

तिम भवि प्राणी आतम शक्ते, धार्मिक कार्य आराधो रे
जिनवरजी की पूजा करके, शिवसुख साधो रे ॥२॥

विविध प्रकारे पूजा रचावो, समकित निर्मल कर लो रे
आगी भावना मन शुद्ध करके, भवजल तरलो रे ॥३॥

आठ दिवस अट्ठाई तपस्या करके काज सुधारो रे
जैन धर्म की महिमा करके वान वधारो रे ॥४॥

हाथी घोडा और पालकी, रथ की तैयारी करावो रे
वस्त्राभूषण सजकर भविजन मगल गावो रे ॥५॥

वाजे गाजे सब मिल गौरी गुरु के पासे जावो रे
कल्पसूत्र को लेकर माथे हाथ धरावो रे ॥६॥

घर ले जावो रात्रि जगावो ज्ञान की भक्ति करावो रे
सर्व शहर में फिरकर गुरु के पासे लावो रे ॥७॥

कल्पसूत्र की पूजा करके वाचना नवको सुनलो रे
मधुरी वाणी गुरुमुख प्राणी अमृत पी लो रे ॥८॥

जिन चरित्र ने और पट्टावली सदाचारी भावे रे
तीन अधिकार आदि से सुने वो मुक्ति में जावे रे ॥८॥

अट्ठाई उपवास करो भवि, बडे कल्प को बेलो रे
संवत्सरि को तेलो करके बारे सौ झेलो रे ॥१०॥

मूल पाठ को इकचित्त सुणी ने चैत्य प्रवाडी जावो रे
मोहन मुद्रा जिनवर निरखी अति हरखावो रे ॥११॥

अभय अमारी पडह बजावो दान सुपात्रे देवो रे
अनुकम्पा कर जीवों ऊपर प्रेम जगावो रे ॥१२॥

नवविध ब्रह्म गुप्ति को धारो, भावना शुद्ध मन भावो रे
दोय टंक पडिकमणो करी ने पाप भगावो रे ॥१३॥

संवत्सरी पडिकमणो करीने जीव चौरासी खमावो रे
अपराधी को माफी देकर अति हरखावो रे ॥१४॥

तिंवरी गाम चौमासे रहकर पर्व पजुषण ध्याया रे
संवत उन्नीसौ अस्सी वर्षे, हरि गुण गाया रे ॥१५॥

पर्युषण उपदेशिक सज्झाय

(तर्ज - भैया मेरे राखी के वन्धन)

हिलमिल पर्व पर्युपण मनाना
वन्धु गले लग जाना ॥टेर॥

आधि व्याधि ओर उपाधि, लागी जीवन मे महा व्याधि
सामायिक समभाव समाधि, देवपूजन गुरु धर्म समाधि
पौपध औपध खाना ॥१॥

इन्द्रिय दम भोग विरमाओ, वैरागी सयम मन लाओ
खुले हायो दान लुटाओ, सत्य अहिसा ध्वज फहराओ
कत्लखाने उठवाना ॥२॥

देव पूजा गुरू सेवा सारो, स्वाध्याय सयम तप स्वीकारो
क्रोध तजो अभिमान भी त्यागो, शियल पाल निज जीवन सुधारो
गुणठांणे गुण लाना ॥३॥

उपशमसार श्रमण कहलाओ, प्रभु वाणी मे चित्त रमाओ
कल्पसूत्र सुन जाग्रति लाओ, प्रभु जीवन सुन ज्योति जगाओ
वीर जन्म सुनवाना ॥४॥

प्रभु मंदिर जा दर्शन पाओ, अभयदान का घोष वजाओ
अशक्त स्वामी गले लगाओ, रूठे भूले भूले भुलाओ
क्षमा भाव वर्षाना ॥५॥

फूट फजीती दूर हटाओ, शान मान सघ इज्जत वढाओ
काम करो कुछ नाम कमाओ, पिछडे भाई गले लगाओ
तन धन कौन ठिकाना ॥६॥

पुण्य से पैसा हाथ मे आया, लाया नही सग ना ले जाया
पाठशाला ना उद्योग बनाया, स्वधर्मी भी हित भोग न दाया
श्रीमताई सफल बनाना ॥७॥

धर्म साधना स्थान नहीं है निर्धन को कोई काम नहीं है
संत विचक्षण ज्ञान सही है जाना है रहना न यहीं है
संघ कमी भर जाना ॥८॥

निपुण समाज के तिलक तुम्हीं हो, धनवानों धनदानी तुम्हीं हो
निर्बल के बलराज तुम्हीं हो, संघ के नायक नाम तुम्हीं हो
भ्रमर अर्ज मन लाना ॥९॥

पर्युषण पर्व स्तुति

(१)

वलि वलि हूं ध्यावु गाऊं जिनवर वीर
जिन पर्व पजुसन दाख्या धर्म नी सीर
आसाढ चौमासे हुंती दिन पचास
पडिकमण सवच्छरी करिये त्रण उपवास ॥१॥

चउवीसे जिनवर पूजा सतर प्रकार
करिये भले भावे भरिये पुण्य भंडार
वलि चैत्य प्रवाडी फिरतां लाभ अनन्त
इम पर्व पजुषण सहु में महिमावंत ॥२॥

पुस्तक पूजावी नव वाचनाये वंचाय
श्री कल्पसूत्र जिहाँ सुणतां पाप पुलाय
प्रतिदिन परभावना धूप अगर उखेव
इम भवियण प्राणी पर्व पजुषण सेवा ॥३॥

वलि साहमीवच्छल करिये बारम्बार
केई भावना भावे कई तपसी शीलधार
अडदीह पजुषण इम सेवत आणंद
सुयदेवी सानिध कहे जिन लाभ सुरिंद ॥४॥

(२)

पाये पजुपण पुण्य पर्व सुधन घडी धन भाग्य है
जहाँ सत्य शिव सुन्दर गुणो मे भी विशद आरोग्य है।
विभुवीर शासन सघ मे आनन्द अनुपम छा रहा
जहा धर्म सरतरु आज अपने आप ही लहरा गया ॥ १ ॥

जिन चैत्य परिपाटी सुदर्शन दिव्य दर्शन हो गया
निज रूप मे जिनरूप से समभाव पैदा हो गया
निज पूर्व कृत दुष्कृतों का भेद भी होने लगा
पर्युषणा में आतमा सोता हुआ सुख से जगा ॥२ ॥

अतिशान्त कान्त अनन्त गुण कल्याणमय आकार से
प्रभुवीर पद कल्याणकों के भाव भी विस्तार से
इच्छासुरोधन रूप तप जप पूर्ण सच्चे नेम से
श्री कल्प आगम में सुणे पर्युषणा में प्रेम से ॥३ ॥

साधर्मी वत्सलता सरलता पाप की आलोचना
जगजीव से अपराध की सम्यक् क्षमा की याचना
पर्युषणा मे शील सुव्रत साधना परभावना
करते अपर गणनाथ हरि कीरति कथा प्रस्तावना ॥४ ॥

दीपावली पर्व

दीपावली का चैत्यवंदन

श्री सिद्धार्थ नृप कुल तिलक त्रिशला जस मात
हरिलछन तनु सात हाथ, महिमा विख्यात ॥१ ॥

त्रीस बरस गृहवास रही लिधो संयम भार
बार बरस छद्मस्थना, लही केवल सार ॥२ ॥

त्रीस वरस एम सवि मलिए, बहोत्तर आयु प्रमाण
दीपाली दिन शिव गया, कहे नयते गुण खाण ॥३॥

(२)

(शिखरणी छन्द)

अनतात्मा ज्योति प्रकट विभव प्रौढ महिमा
चिदानन्द स्फूर्ति प्रगुण सत्कीर्ति गरिमा
अरागी अद्वेषी परम समता धाम जग मे
महावीर स्वामी, प्रतिदिन नमामि प्रभुवर ॥१॥

सुनायें भव्यो को समवसरणे विस्तृततया
सभी सत्तत्वो के विशद विधि से अर्थ कहके
उपादेय ज्ञेय प्रमुख जड हेयादिक अहो।
महावीर स्वामी प्रतिदिन नमामि प्रभुवर ॥२॥

निजात्मा में ज्ञानादिक गुणमणि ज्योति रहती
मिलेगी खोजोगे नियम उपधान व्रतितया
प्रभो वाणी सच्ची 'हरि' सुन सुखी हो फिर कहो
महावीर स्वामी प्रतिदिन नमामि प्रभुवर ॥३॥

दीपावली का स्तवन

(१)

मारग देशक मोक्ष नो रे, केवल ज्ञान निधान।
भाव दया सागर प्रभु रे, पर उपकारी प्रधानो रे॥
वीर प्रभु सिद्ध थया सघ सकल आधारो रे।
हवे इण भरत मा कोण करसे उपगारो रे ॥स्थायी॥

नाथ विहूणो सैन्य ज्यू रे वीर विहूणो रे संघ
साधे कोण आधार थीरे, परमानन्द अभंगो रे ॥१॥

नाथ विहूणो बाल ज्यू रे, अरहो परहो अथडाय
वीर विहूणा जीवडा रे आकुल व्याकुल थाय रे ॥२॥

सशय छेदक वीर नो रे, विरह ते केम खमाय
जे दिठे सुख उपजे रे, ते विण केम रहवाय रे ॥३॥

निर्यामिक भव समुद्रनो रे, भव अटवी सथवाह
ते परमेश्वर विण मले रे, किम वाधे उत्साहो रे ॥४॥

वीर थका पण श्रुत तणो रे, हतो परम आधार
हवे इहां श्रुत आधार छे रे, अहो जिन मुद्रा सार रे ॥५॥

इण काले सवि जीव ने रे, आगम थी आनद
ध्यावो, सेवो भविजना रे, जिन पडिमा सुख कंदो रे ॥६॥

गणधर आचारज मुनि रे, सहुने इण परे सिद्ध
भव भव आगम सघ थी रे, देवचद पद लीधो रे ॥७॥

(२)

(तर्ज - जब तुम्हीं चले परदेश)

हे वीर! प्राण आधार, दया अवतार, ओ त्रिशला दुलारे
मुझको क्यो छोड सिधारे ॥टेर॥

तुमने ही ज्ञान सिखाया था, शुभ मुक्ति मार्ग दिखलाया था
मुझ पर है अगणित उपकार तुम्हारे ॥१॥

गौतम-गौतम यो बुलाते थे, शकाये मन की मिटाते थे
अब कौन मिटाये सशय नाथ हमारे ॥२॥

यदि मुझको छोडकर जाना था, तो दूर न मुझे हटाना था
मै हठ करके नही चलता साथ तुम्हारे ॥३॥

मै केवल दर्शन चाहता था, उसमे ही आनन्द पाता था
तरस रहे ये नयन, अब किसे निहारे ॥४॥

करते विमर्श मोह विलय हुआ, जब दिव्यज्ञान का उदय हुआ
'सज्जन' गौतम भी थे शासन के सितारे ॥५॥

दीपावली की स्तुति

(१)

सिद्धारथ त्राता जगत विख्याता त्रिशला देवी माय
जिहा जग गुरु जनम्या सब दुख विरम्या महावीर जिनराय
प्रभु लेई दीक्षा करी हित शिक्षा देई सवच्छरी दान
सद्दु कर्म खपेवा शिव सुख लेवा कीधो तप शुभ ध्यान ॥१॥

वर केवल पामी अन्तर जामी वदि काति शुभ दीस
अमावस जाते पिछली राते, मुगति गया जगदीश
वलि गौतम गणधर मोटा मुनिवर पाम्या पचम ज्ञान
थया तत्व प्रकाशी शील विलासी पहुच्या मुक्ति निधान ॥२॥

सुरपति संचरिया रतन उद्धरिया रात थई तिहा काली
जन दीवा कीधा कारज सीधा, निशा थई उजवाली
सहुलोके हरखी निजरे निरखी परव कियो दिवाली
वलि भोजन भगते निज-निज शक्ते जीमे सेव सुवाली ॥३॥

सिद्धायिका देवी विघन हरेवी वंछित दे निरधारी
करे सघ ने साता जिन जग माता एहवी शक्ति अपारी
जिन गुण इम गावें शिव सुख पावें सुणजो भविजन प्राणी
जिनचन्द जतीसर महामुनीसर जपे एहवी वाणी ॥४॥

(२)

पापायां पुरि चारू पष्ठ तपसा पर्यंक पर्यासन
क्षमापाल प्रभुहस्तिपाल विपुल श्री शुल्कशालामनु
गोसे कार्तिक दर्शनाग करणे तूर्यारकान्ते शुभे
स्वातौ य शिवमाप पाप रहित संस्तौमि वीरप्रभुम् ॥१॥

यदगर्भागमनोद्भव व्रतवर ज्ञानाक्षराप्तिक्षणे
संभूयाशु सुपर्व संतति रहो चके महस्तत् क्षणात्

श्री मनूनाभि भवादि वीरचरमास्ते श्री जिनाधीश्वरा
सघाया नघ चेतसे विदधतां श्रेयांस्य नेनांसि च ॥२॥

अर्थात्पर्वमिदं जगाद जिनप श्री वर्धमानाभिध्र
स्तत्पश्चाद्गण नायका विरचयां चक्रस्तरा सूत्रत
श्री मत्तीर्थ समर्थनैक समये सम्यग् दृशा भूस्पृशा
भूयाद्भावुक कारक प्रवचन चेतश्चमत्कारियत् ॥३॥

श्री तीर्थाधिप तीर्थ भावनपरा· सिद्धायिका देवता
चचच्चक्रधरा सुरासुरनता पायदपायादसौ
अर्हन् श्रीजिन चद्रगीस्सुमतिनो भव्यात्मन प्राणिनो
या चक्रेऽवमाष्ट हस्ति निधने शार्दूल विक्रीडितम् ॥४॥

दीपावली का जाप

रात्रि के प्रथम प्रहर मे १ वजे ॐ श्री महावीर स्वामी सर्वज्ञाय नम·
अर्द्धरात्रि को १२ बजे ॐ श्री महावीर स्वामी पारगताय नम
प्रात ब्रह्म मुहूर्त मे ४ वजे ॐ श्री गौतम स्वामी केवल ज्ञानाय नम

प्रत्येक पद की 20-20 माला गिने।

पखवासा तप विधि

प्रथम शुभ दिन देखकर गुरु महाराज से तप ग्रहण करे। पश्चात् एकम का एक, दूज के दो, तीज के तीन, यावत् अमावस्या पूर्णिमा के 31 उपवास करते हुए यह तप 450 उपवास की आराधना से पूर्ण होता है। जघन्य से एक-एक तिथि को एक-एक उपवास करते हुये 15 उपवास करने से इस तप की आराधना की जाती है। तप पूर्ण होने पर यथाशक्ति उजमणा करे।

क्रिया— उपवास के दिन "श्री मुनि सुव्रत स्वामी सर्वज्ञाय नम" की 20 माला व साथिये, प्रदक्षिणा, खमासमणा, कार्योत्सर्ग

सर्व 12-12 दें। प्रति उपवास को दोनों समय प्रतिक्रमण व देव वन्दनादि सर्व क्रिया करे।

पखवासा तप चैत्यवन्दन

श्री मुनि सुव्रत जिनराज चौविह् धर्म प्रकासे
पखवासा तप करण को बीच परषदा भासे
पन्द्रह दिन तप की विधि सुध मन होय लहिये
प्रतिपद से आरम्भ कर पूर्णिमा तक सरदहिये ॥१॥

हरिवंश कुल में अवतरया राजग्रही नगरी सुहायो
जेठ वदी अष्टमी दिने प्रभु जन्मोत्सव करायो
कच्छप चिन्ह् से शोभते काया धनुष वीस कहायो
सुमित्र नृपित के पट्ट पर मात पद्मावती जायो ॥२॥

फागुन सुदी बारस दिन सयम व्रत बतलायो
अष्ट कर्म कूं नष्टकर केवलज्ञान उपायो
सहस तीस वर्ष आयु से जिनवर सिद्ध पद पायो
श्री रत्न सूरि शिष्य मोतीचन्द बतायो ॥३॥

पखवासा तप स्तवन

(तर्ज - सीमधर । करजो मया)

जम्बू द्वीप सोहामणो दक्षिण भरत मझार
राजगृही नगरी भली अलकापुरी अवतार ॥१॥

श्री मुनिसुव्रत स्वामी जी समरन्तां सुख थाय
मन वांछित फल पामिये दोहग दूर पुलाय ॥२॥

राज करें तिहां राजियो सुमित्र नरेश्वर नाम
पटराणी पद्मावती शील गुणे अभिराम ॥३॥

श्रावण उज्जवल पूनमें, श्री जिनवर हरिवंश
माता कुक्षि सरोवरे, अवतरियो रायहस ॥४॥

जेठ पढम पक्ष अष्टमी, जायो श्री जिनराज
जन्म महोच्छव सुर करे, त्रिभुवन हरख न माय ॥५॥

सामल वरण सोहामणो, निरुपम रूप निधान
जिनवर लछन काछवो, वीस धनुप तनु मान ॥६॥

परणी नार प्रभावती, भोग पुरदर साम
राज लीला सुख भोगवे पूरे वांछित काम ॥७॥

तव लोकांतिक देवता, आवि जपे जयकार
प्रभु फागुण वदि बारसे, लीधो सयम भार ॥८॥

शुभ फागुन वदि बारसे, मन धरि निर्मल ध्यान
चार करम प्रभु चूरिया, पाम्या केवल ज्ञान ॥९॥

ढ़ाल २.

(तर्ज - सुख कारण भवियण)

ततखिण तिहा मलिया, चलिया सुरनर कोड़ी
प्रभुना पद पकज, प्रणमे बेकर जोडी
बे कर जोडी मच्छर मोडी समवसरण विरचत
माणक हेम रूप्य मय, त्रिगडो छत्र त्रय झलकत
सिहासन बैठा तिहा स्वामी, चौविह धर्म प्रकासे
बारे परषदा बैठी आगली, सुणे (जु) मन उल्लासे ॥१॥

तपने अधिकारे, पखवासो तप धार
पडिवाथी कीजे, पनरह तिथि उदार
पनरहा तिथि कीजे गुरूमुख लीजे, जिस दिन होय उपवास
मुनिसुव्रत स्वामी नाम जपीजे, वादी देव उल्लास
तप ऊजमणे रजत पालणे, सोवन पुतली चग
मोदक थाल देहरे मूको, जिनवर स्नात्र सुरग ॥२॥

तप करिये निरन्तर अहुरव दर्शनी जेम
मन वांछित केरा, फल पामीजे तेम

फल पामीजे कारज सीझे ए तप ने अधिकार
पुत्र ' मित्र परिवार परस्पर अतिवल्लभ भरतार
जस कीरत सौभाग्य वडाई, महियल महिमा जाण
परभवमुगति तणां फल लहिये ए तपने परमाण ॥३॥

थिरयापी चतुर्विध सघ तणों अधिकार
भरूअच्छ प्रमुख नगरादिक करियो विहार
विहार करी प्रतिबोधे खंधक पंचसया परिवार
कार्तिक शेठ जितशत्रु तुरंगम् सुव्रत नाम कुमार
तीस सहस वरस आऊखो पाले जग दया सार
श्री सम्मेतशिखर परमेश्वर पहुँता मुगति मझार ॥४॥

इम पंच कल्याणक थुणिया त्रिभुवन राय
मुनि सुव्रत स्वामी बीसमो जिनवर राय
वीसमो जिनवर जगतगुरु भय भंजण भगवंत
निराकार निरंजन निरूपम अजरामर अरिहंत
श्री जिनचंद विनेय शिरोमणि "सकलचंद" गणि सीस
वाचक "समयसुन्दर" इमभणे पूरो मनह् जगीस ॥५॥

पखवासा तप स्तुति

श्री मुनि सुव्रत स्वामी नमूं, त्रिभुवन नायक वीसमूं
जिन पवासो तप उपदेशे, ते तीर्थंकर मन माहि वसे ॥१॥

अतीत अनागत ने वर्तमान, विहरमान वीसे परधान
वली शाश्वता जिनवर चार प्रणमंता लहिये भव पार ॥२॥

अर्थे भाम्या श्री अरिहंत गणधर गूथ्या सूत्र सिद्धान्त
अह निशि ध्यावे जे एकान्त ते नर पामें सुख अभंग ॥३॥

वरण यक्ष नर दत्ता देव श्री मुनिसुव्रत नी सारे सेव
भविकजीवोंतणां भय हरे, ते मनवाञ्छित सुख साधन मिले॥४॥

सहस्रकूट तप विधि

सहस्रकूट तप चैत्यवन्दन

सहस्त्रकूट जिनवर नमू, सहस भवों का पाप
क्षय हो भक्ति प्रभाव से, मिटे भव सताप ॥१॥

अष्ट शताधिक कर्म की, सैना का परिवार
प्रवल मोह सेनापति, भटकाता ससार ॥२॥

सर्वोत्तम सयम ग्रही, किया कर्म सहार
शाश्वत सुख को पा लिया, तार प्रभु मुझ तार ॥३॥

सुखसिन्धु भगवान के, सुवरण दर्शन आज
धन्य घड़ी धन्य भाग्य है, तारण तरण जहाज ॥४॥

(२)

सहस्त्रकूट प्रभु वंदिये, जय जय श्री जिनराज
विभावदशा को छोडकर, पाया शिवपुर राज ॥१॥

रत्नत्रयी आराधना, भवजल तरण जहाज
वन्दू प्रणमु प्रेम से, सारो आतम काज ॥२॥

काल अनतानत मै, भटक्यो श्री भगवान
नमूँ सिद्ध अनत को, मागू आतमज्ञान ॥३॥

स्वर्ग मृत्यु पाताल मे, श्री जिन चैत्यमहान,
भक्त वत्सल तारक विभु, सुखसागर भगवान ॥४॥

पुण्योदय प्रगटा महा, सुवर्ण दर्शन खास
वन्दू विचक्षण भाव से, हरो तिलक भव त्रास॥५॥

सहस्रकूट तप स्तवन

(तर्ज सिद्धाचलनां वासी ..)

अब मोरी नैनां प्यासी तोरे दर्शन के अभिलाषी
प्रभुवर प्यारा सहसकूट के नाथ हमारा ॥टेर॥

भव-भव भटकत भटकत आया, तोरे दर्शन कर आनन्द पाया
अब मोरी अरजी सुनकर नयनो में नेह भरकर
अमृतधारा - सहसकूट के साथ हमारा ॥२॥

अतीत-अनागत और वर्तमाना, क्षेत्र दश की चौबीसी मिलाना
विहरमान श्री जिन वीस उत्कृष्टा और च्यवनादि ईश
शाश्वत चारा - सहसकूट के नाथ हमारा ॥३॥

सिद्धाचल में भी भेंटू उनको और जगवल्लभ में भी तिनको
देख मन हर्ष भरूँ पावन अंग करूँ
जीवन सारा - सहसकूट के नाथ हमारा ॥४॥

मोरी नैया को पार लगाना डूब रही अब भूल न जाना
अब तो दे दो सहारा, मणि गुणरत्न के मन प्यारा
रश्मि का ये नारा - सहस्रकूट के नाथ हमारा ॥५॥

सहस्रकूट स्तुति

प्रह उठी वंदू सहसकूट सुखदाय
अक्षय सुखदाता जिनवर जो नित ध्याय
नित नमन पूजन से कर्म कलंक मल जाय
ध्याता ध्येय अभेदे सहस्रकूट बन जाय ॥१॥

द्रव्य भाव और वर स्थापना नाम जिनराज
चार अतिशय मूल है ओगणीस देव कराय
कर्मों के क्षय से अतिशय ग्यारह सुहाय
चौत्रीश अतिशयवंता प्रणमो श्री जिनराज ॥२॥

आगम पिस्तालिस, छः छेद मूल चार
ग्यारह अग उपाग बारह, दस पयन्ना सार
चूलिका दोय सुत्ता, जिनवर मत सुविचार
गुरु गम से समझो, और वरो भव पार ॥३॥

जिन शासन सेवी, देवी देवता आये
जो सहसकूट जिन, नाम सदा मन ध्याये
सभी सकट भय, सताप दूर हो जाये
गणि श्री गुणरत्न के, सीस कहे शिव पाये ॥४॥

रोहिणी तप विधि

यह तप रोहिणी नक्षत्र मे होता है। यह तप अक्षय तृतीया को रोहिणी नक्षत्र आवे उस दिन से शुरू किया जाता है। यह तप (श्री वासुपूज्य स्वामी की पूजा पूर्वक) सात वरस सत्तावीस मास, या सात मास तक करना चाहिए। जिस जिस मास मे रोहिणी नक्षत्र आता है उसी दिन उपवास, आयंबिल एव एकासना से यह तप करना चाहिए। कदाचित रोहिणी को उपवास करना भूल जायें तब वापस शुरू से करना पड़ता है। देवपूजा, प्रतिक्रमण, देववन्दन, शीलव्रत आदि क्रियाए करनी चाहिये। श्री वासुपूज्य स्वामिने नमः। इस पद की बीस माला फेरे। सत्तावीस साथिया, खमासमणा, काउसग्ग, प्रदक्षिणा आदि सब सत्तावीस-सत्तावीस करे।

रोहिणी तप चैत्यवंदन

(१)

रोहिणी तप महिमा अधिक, पावे सुख सौभाग्य
वैभव और ऐश्वर्य हो, आवे न दुःख दौर्भाग्य ॥१॥

भाग्यशालिनी रोहिणी रोहिणी तप के प्रताप
सदा सुखी पति-सुपुत्रयुत जाना न दुख सन्ताप ॥२॥

क्रमश कर्म विनाश कर, शिवसुख कर सम्प्राप्त
सिद्ध बुद्ध और मुक्त बन, 'सज्जन' बन गयी आप्त ॥३॥

(२)

रोहिणी नक्षत्र दिन कीजिये चउविहार उपवास
वासुपूज्य जिन पूजना द्रव्य भाव विधि जास ॥१॥

अष्टप्रहरी पौषध करे पारणा दिन प्रभु सेव
गुरुभक्ति साधर्मिजन, भक्ति करे स्वयमेव ॥२॥

सप्त वर्ष सप्तमास तक, आराधन अधिकार
'सज्जन' करते भाव से, सुख सम्पत्ति दातार ॥३॥

रोहिणी तप स्तवन

(ढाल पहली)

शासन देवता स्वामिनी मुझ सानिध्य कीजे
भूल्यो अक्षर भगत भणी समझाई दीजे
मोटो तप रोहिणी तणो ए तिणरा गुण गाऊं
जिम सुख सोहग सम्पदा ए, वांछित फल पाऊं ॥१॥

दक्षिण भरते अंग देश छे चंपा नगरी
मघवा राजा राज्य करे तिण जीत्या वयरी
पाट तणी राणी रुवडी ए, लक्ष्मी इण नामे
आठ पुत्र जाया भला ए, मन में सुख पामे ॥२॥

रोहिणी नामे पुत्रिका ए, सबकूं सुखकारी
आठां पुत्र ऊपरे ए, तिण लागे प्यारी।
वाधे चन्द्र तणी कला ए, जिम पख उजवाले
तिम ते कुंवरी धाय माय पांचे प्रतिपाले ॥३॥

कुवरी रूपे रुवडी ए, घर आगण बैठी
दीठी राजा खेलती ए, मन चिन्ता पेठी
तीन भुवन माहे एवडी ए, नही कोई दूजी नारी
रम्भापउमागौरीगगा ए, इण आगल हारी ॥४॥

आव्या आगल साल वधे ए, जिम चैन न पावू
इम विचारी चितवे ए, राजा स्वयवर मडाव्यु
देश देशना राजवी ए, तत्क्षण तेडाव्या
सवलसजाई साथ करी, नरपति पिण आव्या॥५॥

वीतशोक राजा तणो ए, छे कुमार सौभागी
कन्या केरी आखडी ए, तिण सेती लागी
ऊभा देखे सकल लोक, चढिया कोई पाला
चित्रसेन ने कठे ठवी, कुवरी वरमाला ॥६॥

देव अने देवाङ्गना ए, जपे जय-जयकार
रलियायत थयो देखीने ए सारो ससार
कर जोडी ने लोक कहे, वर कन्या नो जोड़ो
वीतशोक नो कवर थयो, शिर ऊपर मोडो ॥७॥

इम विवाह थयो भलो ए, दीधा दान अपार
घरे आव्या परणी करी ए, हरख्यो परिवार
वीतशोक राजा पुत्र भणी, आपणो पाटज दीधो
आपणसजम आदरी ए, जग मे जश लीधो ॥८॥

ढाल दूसरी
(तर्ज हवे भवियण रे! पचमी ऊजमणो सुण)

तिण नयरी रे चित्रसेन राजा थयो
सुख माही रे केटलो काल वही गयो
इण अवसर रे आठ पुत्र जाया भला
चढते पख रे चन्द्र जैसी चढती कला ॥१॥

चढती कला हुवे राय वेठो पास वैठी रोहिणी
सातमी भूमि कंत सेती करे क्रीडा अति घणी
आठमो बालक गोद ऊपर रंगसु राणी लियो
पुत्रने प्रीतम आंख आगल देखता हरखे हियो ॥२॥

एक कामिनी रे गोखे चढी दृष्टि पडी
शिर पीटे रे रोवे रीकें वापडी
वूढा पणे रे मन गमतो वालक मूओ
हूं तो एकज रे तिण अधिकेरो दुःख हुओ ॥३॥

दुःख हुओ देखी रोहिणी इम कहे प्रीतम भणी
एह नार नाचे अने कूदे, कहो किम मोटा घणी
एहवो नाटक आज तांही मै कदी देख्यो नहीं
मुझनेहासो अने तमासो देखता आवे सही ॥४॥

इण वचने रे रीसाणो राजा कहे
तू तो पापिणी रे पर नी पीडा नवि लहे
ए दुःखिणी रे पुत्र मुआ तड फड करे
जव वीते रे वेदना जाणीजे तरे ॥५॥

जाणीजे तरे तू वात दुःखनी गर्वछेली कामिनी
एम कहीं राजा हाथ झाल्यो तेहना बालक भणी
सातमी भूमि थी तले नाख्यो तिसे हाहारव थयो
रोहिणी हसती कहे प्रीतम पुत्र नीचे किम गयो ॥६॥

हुवे राजा रे पुत्र तणे शोके करी
थयो मुर्च्छित रे रोवे आँखे भरी-भरी
पडतो सुत रे शासन देव ते झलियो
कंचनमय रे सिंहासने वेसाडियो ॥७॥

वेसाडियो कर जोडी आगे करे नाटक देवता
गोद खिलावे केई हँसावे पाद पंकज सेवता
उपज्यो भूपति ने अचंभो देखि ए कारण किसो
जो कोई ज्ञानी गुरू पधारे, पूछिये संशय इसो ॥८॥

चितवता रे चारित्रिया आव्या इसे
राजा पिण रे पहोच्यो वन्दन ने तिसे
सुणी देशना रे पूछे प्रश्न सोहामणो
कहो स्वामी। रे पूरव भव वालक तणो ॥९॥

वालक तणो भव भूप पूछे कहे इणी परे केवली
रोहिणी राणी नो भवान्तर अने राजा नो वली
श्री सुगुरु भाखे पाछले भव रोहिणी तप आदर्‌यो
तप तणी सगते साधुं भक्ते, तुमे भवसागर तर्‌यो ॥१०॥

कहे राजा रे किम रोहिणी तप कीजिये
विधि भाखो रे जिस तुम पासे लीजिए
तव मुनिवर रे विधि रोहिणीना तप तणी
इम जपे रे चित्रसेन राजा भणी ॥११॥

राजा भणी विधि एह जपे चन्द्र रोहिणी आवियै
उपवास कीजे लाभ लीजे, भली भावना भावियै
बारमा जिनवर तणी प्रतिमा, पूजिये मन रग सु
एम साढी सात वरसा लगे कीजे, तजी आलस अग सु॥१२॥

ढाल तीसरी

(तर्ज - सहेली ए आवो मोरियो)

तप करिये रोहिणी तणो वली करिए रे
उजमणो एमके, तप करता पातिक टले ॥टेर॥

तिण कीजे हो तप सेती प्रेम के ॥१॥

देव जुहारी देहरे जिन आगे हो कीजे वृक्ष अशोक के
गुणणो बारमा जिन तणो
भला नैवेद्य हो धरिये सहु थोक के ॥२॥

केशर चंदन चरचिये जिन आगे हो आठे
मंगलीक के विधि शुं पुस्तक पूजिये
तो लहिये ओ शिवपुर तहकीक के ॥३॥

सेवा कीजे साधुनी वली दीजे हो
मुँह माग्या दान के सन्तोषी साधर्मी
मन रंगे हो करी पकवान के ॥४॥

पाटी पायी पूंजणी मसी लेखण हो
झिलमिल सुजगीश के नवकार वाली वीटणा
गुरु आगे हो धरो सत्तावीश के ॥५॥

चोथुं व्रत पण तिण दिने इम पाले हो
मन आणी विवेक के इण विधि रोहिणी आदरे
ते पामे हो आनन्द विवेक के ॥६॥

ढाल चौथी

इम महिमा रोहिणी तणी श्री ज्ञानी गुरु प्रकाशे रे
चित्रसेन ने रोहिणी वासुपूज्य तीर्थंकर पासे रे
इम महिमा रोहिणी तणी ॥टेर॥

इणी परे रोहिणी आदरी ऊपर उजमणो कीधो रे
चित्रसेन ने रोहिणी मन शुद्ध संजम लीधो रे
इम महिमा ॥१॥

आठे पुत्र आदरी दीक्षा बारमा जिन आगे रे
वलि नानाविध तप आदरे जिन धर्म तणी मती जागे रे
इम महिमा ॥२॥

करी अनशन आराधना लही केवल शिवपद पायो रे
जिन वाणी आणी हिए, प्रभुचरणे चित्त लायो रे
इम महिमा ॥३॥

मन मोहन महिमा निलौ, मै स्तवियो शिवपुर गामी रे
मन मान्या साहिब तणी, हवे पुण्ये सेवा पामी रे
इम महिमा .... ॥४॥

कलश

इम गगन इन्दु मुनिचन्द वरसे, चौथ श्रावण सुदि भली
मै कह्यो रोहिणी तणी महिमा, सुगुरु मुखे जिन सांभली
वासुपूज्य इम थया प्रसन्न, अमने चित्त नी चिन्ता टली
श्री सार जिन गुण गावता हवे, सकल मन आशा फली ॥१॥

रोहिणी तप स्तुति

वासुपूज्य जिनेश्वर वन्दू मन धरि नेह
सुख सपत्ति कारण आराधो गुण गेह
रोहिणी तप करतां पामे भव नो पार
सात वरस सत्ताविस मास जघन्य उत्कृष्ट दिलधार ॥१॥
ए अतीत अनागत, वर्तमान त्रिहु काल
सहु जिनवर प्रणमो आणी भाव विशाल
जिन जन्म महोछव सुरपति करे सुविचार
इम चौवीस जिनवर पूजो विधि प्रकार ॥२॥
चन्द्र रोहिणी दिवसे तप आदरिये सार
गुण नो प्रदक्षिणा, खमासमणा सुविचार
यथाशक्ति करिये चौविहार उपवास
चित्रसेन रोहिणी परे पामे लील विलास ॥३॥
पडिक्कमणो दोय टंके, देव वन्दन तिहुकाल
आठ पोह री पौषध, काउसग्ग सुविशाल
सुय देवी सानिध रोग सोग सहुजाय
जिन कृपाचन्द्रसूरि तप सेव्या सुख थाय ॥४॥

तिलक तप विधि

यह तप 30 उपवास से पूरा होता है उसमें श्री ऋषभदेव स्वामी निमित्त 6 उपवास करना पीछे अजितनाथ आदि 22 तीर्थंकरो के निमित्त एक एक उपवास करना। श्री महावीर स्वामी सम्बन्धी दो उपवास करना। जिन तीर्थंकरों के निमित्त उपवास होता है उस नाम का जाप करना, 20 माला 12 साथिया आदि करना देव वन्दनादि सर्व क्रिया करें।

गुणणा

१ श्री ऋषभदेव सर्वज्ञाय नम	२ श्री अजितनाथ सर्वज्ञाय नम
३ श्री सभवनाथ सर्वज्ञाय नम	४ श्री अभिनन्दन सर्वज्ञाय नम
५ श्री सुमतिनाथ सर्वज्ञाय नम	६ श्री पद्मप्रभु सर्वज्ञाय नम
७ श्री सुपार्श्वनाथ सर्वज्ञाय नम	८ श्री चन्द्रप्रभु सर्वज्ञाय नम
९ श्री सुविधिनाथ सर्वज्ञाय नम	१० श्री शीतलनाथ सर्वज्ञाय नम
११ श्री श्रेयासनाथ सर्वज्ञाय नम	१२ श्री वासुपूज्य सर्वज्ञाय नम
१३ श्री विमलनाथ सर्वज्ञाय नम	१४ श्री अनंतनाथ सर्वनाय नम
१५ श्री धर्मनाथ सर्वज्ञाय नम	१६ श्री शान्तिनाथ सर्वज्ञाय नम
१७ श्री कुंथुनाथ सर्वज्ञाय नम	१८ श्री अरनाथ सर्वज्ञाय नम
१९ श्री मल्लिनाथ सर्वज्ञाय नम	२० श्री मुनिसुव्रत सर्वज्ञाय नम
२१ श्री नमिनाथ सर्वज्ञाय नम	२२ श्री नेमिनाथ सर्वज्ञाय नम
२३ श्री पार्श्वनाथ सर्वज्ञाय नम	२४ श्री महावीर सर्वज्ञाय नम

पैंतालिस आगम तप विधि

यह तप 45 उपवास से पूरा होता है। इस तप के उपवास एकातर या ज्ञानादि तिथि से छुटे-छुटे होते है। जिस सूत्र का नाम चलता हो उस सूत्र की 20 माला फेरनी चाहिए, साथिया आदि कोष्ठक प्रमाण से जानना—

प्रथम 11 अंग का गुणणा

	साथिये	खमा	लोगस्स	माला
श्री आचारांग सूत्राय नम	25	25	25	20
श्री सुयगडाग सूत्राय नम	23	23	23	20
श्री ठाणाग सूत्राय नम	10	10	10	20
श्री समवायाग सूत्राय नम	104	104	104	20
श्री भगवती सूत्राय नम	42	42	42	20
श्री ज्ञाताग सूत्राय नम	19	19	19	20
श्री उपासकदशाग सूत्राय नम	10	10	10	20
श्री अतगडदशाग सूत्राय नम	19	19	19	20
श्री अणुत्तरोववाई सूत्राय नम	23	23	23	20
श्री प्रश्न व्याकरणाग सूत्राय नम	10	10	10	20
श्री विपाक सूत्राय नम	20	20	20	20

बारह उपांग

श्री उववाई सूत्राय नम	23	23	23	20
श्री रायपसेणी सूत्राय नम	42	42	42	20
श्री जीवाभिगम सूत्राय नम	10	10	10	20
श्री पन्नवणा सूत्राय नम	160	160	160	20
श्री जम्बूदीव पन्नती सूत्राय नमः	50	50	50	20

श्री चन्द्रपन्नति सूत्राय नम	50	50	50	20
श्री सूरपन्नति सूत्राय नम	57	57	57	20
श्री कप्पया सूत्राय नम	10	10	10	20
श्री कप्पवडिमिया सूत्राय नम	10	10	10	20
श्री पुष्फिया सूत्राय नम	10	10	10	20
श्री पुष्फिचूलिया सूत्राय नम	10	10	10	20
श्री वन्हिदशा सूत्राय नम	10	10	10	20

छः छेद सूत्र

श्री व्यवहार सूत्राय नम	20	20	20	20
श्री बृहत्कल्प सूत्राय नम	3	3	3	20
श्री दशाश्रुतस्कंध सूत्राय नम	19	19	19	20
श्री निशीथ सूत्राय नम	16	16	16	20
श्री महानिशीथ सूत्राय नम	42	42	42	20
श्री जीतकल्प सूत्राय नम	35	35	35	20

10 पयन्ना

श्री चाउसरण पयन्ना सूत्राय नम	10	10	10	20
श्री संथारापयन्ना सूत्राय नम	10	10	10	20
श्री तन्दुलपयन्ना सूत्राय नम	10	10	10	20
श्री चन्द्राविज्झा सूत्राय नम	10	10	10	20
श्री गणिविज्जा सूत्राय नम	10	10	10	20
श्री देविंदथुओ सूत्राय नम	10	10	10	20
श्री वीरथुओ सूत्राय नम	10	10	10	20
श्री गच्छाचार पयन्ना सूत्राय नम	10	10	10	20
श्री जोइसकरंडक सूत्राय नम	10	10	10	20
श्री महापच्चक्खाण सूत्राय नम	10	10	10	20

छः मूलसूत्र

श्री आवश्यक सूत्राय नम	32	32	32	20
श्री उत्तराध्यायन सूत्राय नम	36	36	36	20
श्री ओघ निर्युक्ति सूत्राय नम	10	10	10	20
श्री दशवैकालिक सूत्राय नम	14	14	14	20
श्री अनुयोगद्वार सूत्राय नम	62	62	62	20
श्री नदी सूत्राय नम	51	51	51	20

पौष दशमी तप विधि

पौष कृष्णा (वदी) दशमी को श्री पार्श्वनाथ भगवान का जन्म कल्याणक दिन है। आराधक जघन्य रूप से एकासना करके इस पर्व की आराधना करे। उत्कृष्ट रूप से चतुर्थ भक्त अर्थात् - नवमी के दिन मिसरी का पानी पीकर एकल ठाणा करे। दशमी को खीर का एकासना करे तथा ग्यारस को भरिये भोजन अर्थात् पूर्ण रूप से एकासना करे। यह तप प्रतिवर्ष पौषद दशमी को उपर्युक्त विधि से एकासना करते हुए दशवर्ष मे पूरा किया जाता है तथा प्रतिमाह की वदी दशमी को एकासना करके भी यह तप किया जाता है।

क्रिया उस दिन दोनो समय प्रतिकमण, दोपहर मे देव वदन तथा अरिर्हन्त पद के 12 खमासमणा दे। 12 लोगस्स के कायोत्सर्ग करे ॐ ह्रीं श्री पार्श्वनाथ अर्हते नम" इस पद की 20 माला गिने तथा 12 प्रदक्षिणा व 12 ही साथिये करें। तप पूर्ण होने पर यथाशक्ति उद्यापन करे।

सोलिया (कषायजय) तप विधि

क्रोध मान, माया लोभ इन चार कषाया के अनन्तानुबधी अप्रत्याख्यानी प्रत्याख्यानी और सज्वलन के 16 भेद होते है। इन कषायो को जीतने के लिए चार ओली के रूप मे 16 दिन तक यह तप किया जाता है यथा-प्रथम दिन एकासना द्वितीय दिन नीवी तीसरे दिन आयम्बिल और चौथे दिन उपवास। इस प्रकार करते हुए 16 दिन मे यह तप पूर्ण होता है। तप सम्पूर्ण होने पर ज्ञान पूजा पूर्वक 16 मोदक फल फूल आदि आठ द्रव्यो द्वारा जिनेश्वर भगवान की पूजा करनी चाहिए।

क्रिया "सर्व कषाय जय तपसे नम" की 20 माला प्रतिदिन साथिया प्रदक्षिणा खमासमणा कायोत्सर्ग आदि सर्व 16-16 करे। दोनों समय प्रतिक्रमण देववदन आदि सर्व क्रिया बराबर करे।

28 लब्धि तप विधि

लब्धियां अट्ठाईस होती है। एक एक लब्धि का एक-एक उपवास करने से 28 उपवास करते हुए यह तप पूर्ण होता है। जिस लब्धि का उपवास हो उसी लब्धि के नाम से 20 माला फेरनी चाहिए। लब्धि के नाम की अट्ठाईस प्रदक्षिणा सहित खमासमण व कायोत्सर्ग करने चाहिए। दोनो समय प्रतिकमण व देववन्दनादि करते हुए इस तप की आराधना करनी चाहिए।

लब्धि का गुणना व खमासमणे

1 श्री आमोसही लब्धये नम
2 श्री विप्पोसही लब्धये नम
3 श्री खेलो सही लब्धये नम
4 श्री जल्लोसही लब्धये नम

5	श्री सव्वोसही लब्धये नमः	6	श्री संभिन्नश्रोतो लब्धये नमः
7	श्री अवधि लब्धये नमः	8	श्री ऋजुमति लब्धये नमः
9	श्री विपुलमति लब्धये नमः	10	श्री चारण लब्धये नमः
11	श्री आशीविष लब्धये नमः	12	श्री केवल लब्धये नमः
13	श्री गणधर लब्धये नमः	14	श्री पूर्वधर लब्धये नमः
15	श्री अरिहन्त लब्धये नमः	16	श्री चक्रवर्ती लब्धये नमः
17	श्री बलदेव लब्धये नमः	18	श्री वासुदेव लब्धये नमः
19.	श्री अमृताश्रव लब्धये नमः	20	श्री कुष्ठबुद्धि लब्धये नमः
21	श्री पदानुसारि लब्धये नमः	22	श्री बीजबुद्धि लब्धये नमः
23	श्री तेजोलेश्या लब्धये नमः	24	श्री आहारक लब्धये नमः
25	श्री शीतलेश्या लब्धये नमः	26	श्री वैक्रिय लब्धये नमः
27	श्री अक्षीणमहानसी लब्धये नमः	28	श्री पुलाक लब्धये नमः

14 पूर्व तप विधि

यह तप सुदि चौदस से प्रारम्भ करके एकान्तर 14 उपवास करते हुए पूर्ण करते हैं। जिस पूर्व का उपवास हो उस दिन उसी पूर्व के नाम की 20 माला गिनें। साथिये, कायोत्सर्ग, प्रदक्षिणा व खमासमणे नीचे कोष्ठक में लिखे अनुसार करने चाहिए। प्रतिक्रमण देववन्दनादि सर्व क्रिया यथावत् करनी चाहिए।

14 पूर्व का गुणणा आदि

		साथिये	खमा.	लोगस्स	माला
1	श्री उत्पाद पूर्वाय नमः	14	14	14	20
2	श्री आग्रायणी पूर्वाय नमः	26	26	26	20

3	श्री वीर्य प्रवाद पूर्वाय नम	16	16	16	20
4	श्री अस्तिप्रवाद पूर्वाय नम	28	28	28	20
5	श्री ज्ञान प्रवाद पूर्वाय नम	12	12	12	20
6	श्री सत्य प्रवाद पूर्वाय नम	21	21	21	20
7	श्री आत्मप्रवाद पूर्वाय नम	16	16	16	20
8	श्री कर्म प्रवाद पूर्वाय नम	30	30	30	20
9	श्री प्रत्याख्यान प्रवाद पूर्वाय नम	20	20	20	20
10	श्री विद्या प्रवाद पूर्वाय नम	15	15	15	20
11	श्री कल्याण प्रवाद पूर्वाय नम	12	12	12	20
12	श्री प्राणायाम प्रवाद पूर्वाय नम	12	12	12	20
13	श्री क्रिया प्रवाद पूर्वाय नम	13	13	13	20
14	श्री लोकबिन्दुसार पूर्वाय नम	25	25	25	20

इग्यारह गणधर तप विधि

इस तप में एक एक गणधर का एक एक उपवास अथवा आयम्बिल करना चाहिए। जिस दिन जिस गणधर के नाम का उपवास आये उस दिन उन्हीं गणधर का जाप अर्थात् 20 माला फेरनी चाहियें। साथिये कायोत्सर्ग प्रदक्षिणा व खमासमणा ग्यारह करने चाहियें। प्रतिक्रमण देववन्दनादि सर्व क्रिया यथावत् करनी चाहिये –

1 श्री इन्द्रभूति गणधराय नम
2 श्री अग्निभूति गणधराय नम
3 श्री वायुभूति गणधराय नम
4 श्री व्यक्त गणधराय नम
5 श्री सुधर्मा स्वामी गणधराय नम
6 श्री मंडितपुत्र गणधराय नम
7 श्री मौर्यपुत्र गणधराय नम
8 श्री अकंपित गणधराय नम
9 श्री अचल गणधराय नम
10 श्री मेतार्य गणधराय नम

11. श्री प्रभास गणधराय नम.

श्री नवकार तप विधि

इस तप मे नवकार के जितने अक्षर होते है उतने उपवास करने पडते है। जिस दिन जिस पद का उपवास होता है उसी पद की 20 माला फेरना। सव पदो के 68 उपवास होते है। साथिया आदि पद के जितने अक्षर होते हे उतने ही समझना।

	गुणणा	उपवास
1	नमो अरिहताण	7
2	नमो सिद्धाण	5
3	नमो आयरियाण	7
4	नमो उवज्झायाण	7
5	नमो लोए सव्वसाहूणं	9
6	एसो पच नमुक्कारो	8
7	सव्व पावपणासणो	8
8	मगलाण च सव्वेसि	8
9	पढम हवई मगल	9
	योग	68

इन्द्रियजय तप विधि

प्रथम पुरिमड्ढ, वियासण या एकासण, नीवी, आयविल और उपवास, इस प्रकार पाँच दिन करने से एक इन्द्रियजय तप की ओली होती है। इसी प्रकार पाच इन्द्रियो की जय के लिए पाँच ओली करनी पडती है। 25 दिन मे यह तप पूरा होता है। जिस दिन जिस इन्द्रिय का तप होता है उसी तप का जाप करना चाहिए।

	साथिये	खमा	लोगस्स	माला
1 स्पर्शनेन्द्रिय जय तपसे नम	8	8	8	20
2 रसनेन्द्रिय जय तपसे नम	5	5	5	20
3 घ्राणेन्द्रिय जय तपसे नम	2	2	2	20
4 चक्षुरिन्द्रिय जय तपसे नम	5	5	5	20
5 श्रोतेन्द्रिय जय तपसे नम	5	5	5	20

कर्मसूदन तप विधि

इस तप में प्रथम दिन उपवास दूसरे दिन एकासणा, तीसरे दिन ठाम चौविहार एकासणा अथवा आयंबिल करना। चौथे दिन (एकलठाण) चौविहार एकासणा करना। पांचवे दिन ठाम चौविहार एक दत्ती (एक बार जितना भोजन थाली में आवे उतना ही खाना वापस नहीं लेना) ऐसा एकासणा। छठे दिन विगय टाल कर लूखी नीवी सातवें दिन आयंबिल। आठवें दिन आठ कंवल का एकासणा। इस प्रकार यह तप आठ दिन में पूरा होता है। साथिया आदि जितनी जिस कर्म की प्रकृतियां होती हैं उतने ही करना चाहिये। माला 20 फेरना। जिस दिन जिस कर्म का तप चलता हो उसी दिन उसी तप का गुणणा आदि करें।

गुणणा	खमा	लोगस्स	साथिये	माला
श्री अनंतज्ञान गुण धराय नम	5	5	5	20
श्री अनंतदर्शन गुण धराय नम	9	9	9	20
श्री अव्याबाध गुण धराय नम	2	2	2	20
श्री क्षायिकसम्यक्त्व गुण धराय नम	28	28	28	20
श्री अक्षयस्थिति गुण धराय नम	4	4	4	20
श्री अमूर्त गुण धराय नम	103	103	103	20

श्री अगुरुलघु गुण धराय नम	2	2	2	20
श्री अनतवीर्य गुण धराय नम	5	5	5	20

मेरु तेरस तप की विधि

यह तप माघ वदि 13 (तेरस) को होता है। यह दिन ऋषभदेव भगवान् का निर्वाण कल्याणक माना जाता है। चौविहार उपवास करना होता है। रत्नो के, सोने के, चादी के अथवा घी के एक-एक मेरु चारो दिशाओ मे रखे व बीच में एक मोटा मेरु रखें। यदि सारे शहर मे गाजा-बाजा सहित फेरना हो तो उन पाच मेरु को एक थाली मे रखकर सारे शहर मे घूमे, तत्पश्चात् मंदिर मे जाकर चारों दिशा मे व एक बीच मे नदावर्त्त गहुली करके पाच मेरु उसके ऊपर रख दे और दीप, धूप आदि से पूजा करे। यह तप तेरह वर्ष तेरह मास तक किया जाता हे। दोनो समय प्रतिक्रमण, देववन्दन आदि यथा समय करे।

'ऋषभदेव पारगताय नम' इस पद की 20 माला फेरनी चाहिये। साथिया, खमासमणा, प्रदक्षिणा, काउस्सग्ग आदि 12-12 करना।

वर्द्धमान तप की विधि

यह तप एक आयंबिल करके उपवास, दो आयंबिल करके उपवास, तीन आयम्बिल करके उपवास। इस प्रकार 100 आयम्बिल तक चढा जाता है। यह तप 14 वर्ष 3 मास 20 दिन तक होता है। इस तप को शुरू करते समय पाँच ओली लगातार करनी पड़ती है। 'णमो अरिहताण' की 20 माला फेरनी चाहिये। साथिया, खमासमणा, प्रदक्षिणा आदि 12-12 करना।

श्री सौभाग्य कल्पवृक्ष तप विधि

यह तप चैत्र मास की शुक्ल एकम से और चंद्रादि शुभ योग होने पर एकान्तर पारणवाला 15 उपवास करने से तीस दिन में पूरा होता है।

उद्यापन में बडी स्नात्र विधिपूर्वक स्वर्ण अथवा चाँदी का कल्पवृक्ष बनवाकर देव के पास रखना। इस तप के फल से सौभाग्य की प्राप्ति होती है। यह श्रावक के करने का अगाढ तप है।

'ॐ णमो अरिहंताणं' पद की बीस माला साथिया, खमासमणा आदि 12-12 करना।

श्री निगोद आयुक्षय तप विधि

साधारण वनस्पतिकाय को निगोद कहते हैं। सूक्ष्मसाधारण वनस्पतिकाय को सूक्ष्म निगोद कहते हैं। इस विश्व में असंख्यात गोले हैं, एक-एक गोले में असंख्यात निगोद हैं और एक-एक निगोद में अनंत जीव है। ये जीवन अनादिकाल से सूक्ष्म निगोद में ही रहते आए हैं। ये अव्यवहार राशि के जीव कहलाते हैं। जो जीव सूक्ष्म निगोद से बाहर निकल चुके हैं वे व्यवहार राशि के जीव कहलाते है। निगोद के जीवों का आयुष्य अन्तर्मुहूर्त होता है। अन्तर्मुहूर्त दो घडी के भीतर का समय। ऐसे निगोद सम्बन्धी आयु के क्षय होने के लिए यह तप किया जाता है।

प्रथम विधि

प्रथम एक उपवास पर एकासना फिर दो उपवास पर एकासना फिर तीन उपवास पर एकासना फिर दो उपवास पर एकासना फिर

एक उपवास पर एकासना। इस तरह यह तप चौदह दिन मे पूरा किया जाता है। उद्यापन मे चौदह मोदक रखना। इस तप से निगोद के आयुष्य का क्षय होता है।

'णमो अरिहताण' पद की बीस माला, साथिया आदि 12-12 करना।

दूसरी विधि

प्रथम एक उपवास पर एकासना, फिर दो उपवास पर एकासना, फिर तीन उपवास पर एकासना, फिर चार उपवास पर एकासना, फिर पाच उपवास पर एकासना, फिर चार उपवास पर एकासना, फिर तीन उपवास पर एकासना, फिर दो उपवास पर एकासना, फिर एक उपवास पर एकासना। इस प्रकार 34 दिन मे यह तप पूरा होता है।

प्रतिदिन 'नमोवाणस्स' की 20 माला काउसग्ग, प्रदक्षिणा, साथिये आदि सब ५१ करे। देव वन्दन, प्रतिक्रमण आदि यथावत करे।

तेरह काठिया तप-विधि

काठिया यानि लुटेरे। मार्ग मे चलते प्राणियो को रोक कर जैसे लुटेरे लूट लेते है वैसे ही धर्म सम्मुख हुए प्राणियों को बीच मे अटकाकर आलस्य आदि दुर्गुण धर्म रूपी धन को लूट लेते है। इसीलिए इन्हे काठिया की उपमा दी गई है। ये काठिये तेरह प्रकार के होते है। जिनकी साधना 13 अट्ठम या 13 उपवास करके की जाती है। इसमे सिद्ध पद की आराधना होती है। साथिये, प्रदक्षिणा, काउसग्ग आदि 8-8 करने चाहिए। प्रत्येक काठिये की 20 माला फेरनी चाहिए। दोनो समय प्रतिक्रमण तथा देववदन आदि यथा विधि करने चाहिए।

काठिये की गणना

1	आलस काठिया	निवारकाय श्री सिद्धाय नम
2	मोह् काठिया	निवारकाय श्री सिद्धाय नम
3	अवज्ञा काठिया	निवारकाय श्री सिद्धाय नम
4	मान काठिया	निवारकाय श्री सिद्धाय नम
5	क्रोघ काठिया	निवारकाय श्री सिद्धाय नम
6	प्रमाद काठिया	निवारकाय श्री सिद्धाय नम
7	कृपण काठिया	निवारकाय श्री सिद्धाय नम
8	भय काठिया	निवारकाय श्री सिद्धाय नम
9	शोक काठिया	निवारकाय श्री सिद्धाय नम
10	अज्ञान काठिया	निवारकाय श्री सिद्धाय नम
11	व्याक्षेप काठिया	निवारकाय श्री सिद्धाय नम
12	कुतुहल काठिया	निवारकाय श्री सिद्धाय नम
13	विषय काठिया	निवारकाय श्री सिद्धाय नम

श्री मोक्ष-दण्ड तप विधि

जिस तप के माध्यम से मोक्ष तक पहुँचा जाए, उसे मोक्ष-दण्ड तप कहते हैं। इसमें गुरु के दण्ड (डांडे) को मुठ्ठी से नापा जाता है। डांडा जितनी मुठ्ठी प्रमाण हो उतने ही प्रमाण के अकान्तर उपवास अर्थात् एक दिन उपवास व एक दिन बियासना करते हुये यह पूर्ण किया जाता है।

अंतिम दिन गुरु के दण्ड की चन्दन आदि से पूजा करनी चाहिए व दण्ड के सामने तीन ढेरियों एवं सिद्धशिला सहित अक्षत (चावल) का स्वस्तिक बनाकर उस पर (जितने उपवास किये हो उतने ही) फल मिष्ठान्न रुपानाणा आदि रखें।

पारणे के दिन शक्ति के अनुसार सघपूजा व स्वधर्मी वात्सल्य करे।

इस तप मे—"नमो लोए सव्वसाहूणं" की 20 माला, 27 लोगस्स के काउसग्ग, 27 स्वस्तिक व दोनो समय प्रतिक्रमण व देववन्दन आदि सर्व क्रिया विधिवत् करे।

श्री दारिद्र्यहरण तप विधि

यह तप पूर्णिमा से शुरू करना होता है। प्रथम दिन उपवास, दूसरे दिन एकासना, तीसरे दिन नीवी, चौथे दिन आयंबिल, पाचवे दिन बियासना; इस तरह एक ओली होती है। ऐसे ही दो ओली करना। यह तप दस दिन मे पूरा होता है। पारणे के दिन साधु-मुनिराज की भक्ति अवश्य ही करनी चाहिए।

प्रतिदिन "नमो नाणस्स" की 20 माला काउसग्ग, प्रदक्षिणा साथिये आदि सब 51 करे। देव वन्दन प्रतिक्रमण आदि यथावत करे।

श्री चिंतामणि तप विधि

यह तप शुभ दिन शुभ मुहूर्त मे कभी भी कर सकते है। 6 दिन मे यह तप पूरा किया जाता है। छ: दिन मे क्रमशः उपवास,, एकासन, नीवी, उपवास, एकासना और उपवास करना, उद्यापन मे ज्ञान पूजा, रात्रि जागरण करना।

'णमो अरिहंताणं' पद की बीस माला फेरना। साथीया आदि 12-12 करना।

सर्व तप ग्रहण विधि

तप करने की विधि

शुभ दिन शुभ नक्षत्र एवं शुभ समय देखकर उत्तम वस्त्राभूषणों से सुसज्जित होकर, तिलक करके हाथ में मोली बांधकर अक्षत (चावल) सुपारी श्रीफल-नैवेद्य-यथाशक्ति रोकड रुपये आदि लेकर गुरु महाराज के पास जावें। वहाँ स्थापनाचार्य के सामने नवकार गिनते हुये तीन प्रदक्षिणा देवें। पश्चात् एक पट्टे पर पांच साथिया करके श्रीफल मिठाई फल आदि चढावें। उसके बाद तप ग्राहक हाथ में वासक्षेप लेकर निम्न गाथायें बोल कर यथाशक्ति रोकड रुपयों से ज्ञान पूजा करें —

गाथा

नमंत सामंत महीवनाह देवाय पूयं सुविहेय पुव्वं।
भत्तिइचित्तं मणिदामएहिं, मंदार पुप्फ पसवेहिं नाणं ॥१॥

तहेव सड्ढा मणि मुत्तिएहिं सुगंध पुप्फेहिं वरंसिएहिं।
पूयंति वंदति नमंति नाणं, नाणस्स लाभाय भवक्खयाय ॥२॥

इसके पश्चात् इरियावहिं पडिक्कमें तस्स उत्तरी अन्नत्थ एक लोगस का काउसग्ग करके प्रकट 'लोगस्स' कहें। बाद में खमासमणा देकर इच्छाकारेण संदि सह अमुक तप ग्रहण करवामुहपत्ति पडिलेहुं, इच्छं" कहकर खडे पैरो से बैठकर मुहपत्ति पडिलेहें दो वांदणा देवें। फिर खमासमणा देकर "इच्छाकारी भगवन्। अमुक तप गह`णत्थंचेइयाइं वंदावेह वासनिक्खेवं करेह।" गुरु वंदावेमो करेमो कहके शिष्य के सिर पर वासक्षेप डालें।

तत्पश्चात् बांयां गोडा ऊंचा करके चैत्यवंदन कहके णमुत्थुणं अरिहंतचेइयाणं अन्नत्थ आदि कहके चार थुई से देववंदन करें। चौथी

थुई बाद नीचे बैठ कर णमुत्थुणु कहे, पुनः खडे होकर "श्री शान्तिनाथ देवाधिदेव आराधनार्थ करेमि काउसग्ग" वन्दण वत्तिआए अन्नत्थ कहकर एक लोगस्स का काउसग्ग करे। पार कर 'नमोऽर्हत्' कहके निम्न स्तुति कहे:—

श्रीमते शान्तिनाथाय, नमः शान्तिविधायिने ।
त्रैलोक्यस्यामराधीश, मुकुटाभ्यर्चिताङ्घ्रये ॥१॥

इसके बाद "शान्तिदेवता आराधनार्थ करेमि काउसग्ग" अन्नत्थ कहकर एक नवकार का काउसग्ग करे। पारकर 'नमोऽर्हत्' कहकर नीचे की स्तुति कहेः—

शांति शांतिकर श्रीमान्, शांति दिशतुमेगुरुः
शांतिरेव सदातेषां, येषा शांति गृहि गृहे ॥२॥

बाद मे अनुक्रम से श्रुत देवता, भुवन देवता और क्षेत्र देवता का नाम लेकर "आराधनार्थ करेमि काउसग्ग" अन्नत्थ कहकर अनुक्रम से ही 'कमलदल, चतुर्वर्णाय,' और 'यस्याक्षेत्र," स्तुतियाँ कहे। बाद मे "शासन देवता आरार्धनार्थ करेमि काउसग्ग" अन्नत्थ कहके एक नवकार का काउसग्ग करे। पारकर "नमोऽर्हत्" कहके नीचे की स्तुति कहे—

या पति शासन जैन, संघ प्रत्यूह नाशिनी।
साऽभिप्रेत समृद्धयर्थ, भूयाच्छासन देवता ॥३॥

पश्चात् समस्त वैयावृत्य कर "देवी देवता आरार्धनार्थ करेमि काउसग्ग" अन्नत्थ कहके एक नवकार का काउसग्ग करके पारकर "नमोऽर्हत्" कहके निम्न स्तुति कहे—

श्री शक्र प्रमुखा यक्षा, जिन शासन संस्थिता।
देवा देव्यस्तदन्येऽपि सघ रक्षन्तवपायतः ॥४॥

अब इसके बाद बांया गोडा ऊंचा करके चैत्यवन्दन की मुद्रा मे बैठकर "णमुत्थुण जावतिचेइयाई जावत केविसाहू" उवसग्गहर जयवीयराय पर्यन्त कहे। खमासमणा देकर "इच्छाकारेणं संदिस्सह भगवन्।" अमुक तप गहणत्थ करेमि काउसग्ग अन्नत्थ कहकर एक लोगस्स का काउसग्ग करे। पार कर प्रकट लोगस्स कहे। फिर खमासमणा देवें तीन नवकार गिनें। फिर खमासमणा देवे "इच्छकारी भगवन्। पसायकरी-अमुक तप ग्रहण दण्डक उच्चरावोजी।" गुरु उचरावेमो कहके तीन नवकार गिनके नीचे का पाठ तीन बार उच्चरावे –

तप उच्चारण पाठ

